मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष -12, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 175 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23
भोपाल
10 दिसंबर 2023 रविवार
बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
25 अधिकतम
14 न्यूनतम



Page- 7

## गुजर गया तूफान..सियासी गर्मी के बीच सिहरन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश में जारी सियासी सरगर्मी के बीच भी %स्पेस% बनाकर मौसम ने तेजी से अपना असर दिखा दिया है। भोपाल समेत मप्र के कई इलाके क?ाके की ठंड की चपेट मे आ गए हैं। पचम?ी में बीती रात रात पारा गिरकर 7 डिग्री पहुंच गया। यह इस सीजन में सबसे कम है। सुबह ओस की बूंदें पे? - पौधों पर जमी दिखीं। इधर भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन में भी पारे में गिरावट आई है। शाम के बाद पारा तेजी से गिर रहा है। मौसम के जानकारों का कहना है कि मध्यप्रदेश में अगले सप्ताह से तेज ठंड, कई जिलों में कोहरा



शुरू होने वाला है। कुछ जिलों में हल्की बारिश भी हुई है। बताया जा रहा है कि चक्रवाती तूफान मिचौंग का प्रभाव पूरी तरह से प्रदेश में खत्म हो गया है और अब उत्तर भारत से आ रही हवाओं ने मध्य प्रदेश का मौसम का मिजाज बदल दिया है। लगभग सभी जिलों में दिन का तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है. रात का तापमान अभी भी 14 से 16 डिग्री के बीच बना हुआ है। माना जा रहा है कि आगामी 15 दिसंबर से भोपाल समेत आसपास पूरे सभी जिलों में कड़ाके के ठंड शुरू हो जाएगी। तब तक सरकार व मुख्यमंत्री को लेकर छाई धुंध भी छंट चुकी होगी।

### मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री के चयन में अब 24 घंटे बाकी

## केबीसीएम : रायशुमारी की तैयारी दिल्ली से होगा निष्कर्षों का ऐलान!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री के नाम का चयन करने भाजपा विधायक दल की बैठक को लेकर सरगर्मी तेज हो चली है। भाजपा के विधायक भोपाल पहुंचने लगे हैं। कल शाम चार बजे बैठक होगी और माना जा रहा है कि शाम तक मुख्यमंत्री के नाम का चयन हो जाएगा। हालांकि इसका ऐलान दिल्ली से होगा या भोापल से,इसे लेकर स्थिति साफ नहीं हैं। हालांकि सूत्रों का मानना है कि मनोहर लाल खट्टर समेत तीनों केंद्रीय पर्यवेक्षक नाम लेकर भोपाल आ रहे हैं और वे इन्ही नाम पर रायशुमारी कराएंगी। केंद्रीय पर्यवेक्षक मुख्यमंत्री के नाम का प्रस्ताव रखेंगे। प्रस्तावित नाम को विधायक समर्थन देंगे। बताया जा रहा है कि केंद्रीय नेतृत्व भी भाजपा के वरिष्ठ विधायकों के संपर्क में है। इसके बीच आज दोपहर बाद रायपुर में चल रही पर्यवेक्षको की बैठक में छग के मुख्यमंत्री का नाम तय होने की उम्मीद है। वहां तय हुए नाम से मप्र में भी नये संकेत बनने की संभावना व्यक्त की




जा रही हैं। मप्र में भाजपा ने मुख्यमंत्री के चुनावी में करीब आठ दिन का वक्त लिया है,ऐसे में यह दिलचस्प हो गया है कि वह मौजूदा मुख्यंमत्री को रिपीट करेगी, या नये व चौंकाने वाले नाम पर राय बनाएगी।

### भाजपा का सीएम कैलेंडर, जगा रहा दिलचस्पी

माना जाता है,भाजपा ने जब भी मुख्यमंत्री चुनने में तीन दिन से ज्यादा वक्त लगाया, तब नए चेहरे को तरजीह दी। 2017 में उप्र में योगी को चुनने में उसे 9 दिन लगे। तब राजनाथ सिंह, मनोज सिन्हा जैसे बड़े नेता रेस में थे। फिर उत्तराखंड में भी त्रिवेंद् रावत को मुख्यमंत्री चुनने में 8 दिन लगे। हिमाचल (2017) और महाराष्ट्र (2014) में भाजपा ने 7 दिन लिए व नये चेहरे पेश किये। जबकि यहां क्रमशः्धूमल और नितिन गडकरी दावेदार थे। हरियाणा में भी 6 दिन का वक्त लेकर खट्टर को लाया गया। 2013 में भाजपा ने मप्र, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जीत के बाद तीन दिन में सीएम तय कर लिये थे यह पुराने चेहरे थे,शिवराज,रमन व वसुंधरा। हरियाणा में दूसरी बार खट्टर को चुनने में भाजपा को सिर्फ तीन दिन लगे। मगर गुजरात में 22 को चुनाव परिणाम आया व दो दिन में भूपेंद्र पटेल को फिर तय किया गया।

## वक्त नर्सरी में नए पौधे रोपने या पुराने दरख्तों से छांव का..!

**किसी** चेहरे को आगे रखे बिना चुनाव लड़ने के बाद की दुविधा क्या है, यह फिलहाल तो भाजपा के बरक्स मप्र,छग व राजस्थान में देखा जा सकता है। ऐसा नहीं है कि भाजपा अपने नेताओं के हठ या जोड़तोड़ (राजस्थान छोड़कर!) से परेशान है, बल्कि वह फिक्रमंद तो इस पर नजर आ रही है कि कौन दूर तक साथ चलेगा और कितना फायदेमंद होगा। भाजपा की यह पूरी कवायद सिर्फ 2024 के



नजरिया
आशीष दुबे

लोकसभा चुनाव परिणाम से ही वाबस्ता नहीं है, बल्कि यह 2029 से 34 तक की व्यवस्थित जमावट की जुस्तजू है। हालांकि मौजूदा भाजपा का *रेकार्ड* बताता कि जब भी उसे राज्य में अपना सीएम चुनने में देरी हुई, तब उसने नया व चौंकाने वाला प्रयोग किया। इसी प्रयोग को सिरे चढ़ाने से पहले उसने हानि-लाभ भांपने में वक्त लगाया।







मप्र के संदर्भ में भाजपा हाइकमान की देरी व काफी हद तक हिचक, इसलिये भी गौरतलब है क्योंकि उसे यहां छप्परफाड़ बहुमत मिला है, शायद उसकी अपेक्षाओं से ज्यादा! मगर उसे यहां धैर्यवान, प्रतिबध्द व अनुशासित नेताओं व कार्यकर्ताओं कॉडर भी मिला है, लिहाजा वह आठ दिन बाद भी मप्र को लेकर अपने प्रयोग पर निश्चिंत है, क्योंकि सरकार तो चल ही रही है, बस नई शक्लें आना बाकी हैं? वैसे देखा जाए तो भाजपा यदि पुरानी शक्लों को बदलती है तो यह सिर्फ इसलिये होगा, क्योंकि वह अगले सालों की तैयारी के साथ नेतृत्व की नयी पौध तैयार करना चाहती है, अनुकूल मौसम (मजबूत बहुमत) में यह काम किसी नर्सरी में ज्यादा आसान होता है। गुजरात व मप्र को तो भाजपा अपनी नर्सरी या प्रयोगशाला मानती भी है।

अंदरखाने माना जा रहा है कि मप्र को *प्रयोगमुक्त* रखा गया तो राजस्थान व छग के पुराने हसरती नेताओं की अपेक्षा जोर पकड़ सकती है। इसलिये हवाएं कहती हैं कि भाजपा पचास की उम्र के आसपास के नेताओं को मप्र में ज्यादा मौके देगी। इस खांचे में वीडी शर्मा व ज्योतिरादित्य सिंधिया से लेकर सुमेर सोलंकी आदि कई नाम उभरते हैं। वहीं मेंटर बतौर साठ पार के शिवराज सिंह चौहान, नरेंद्रसिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, नरोत्तम मिश्रा जैसे स्थापित नाम हैं ही, यह कांबिनेशन भाजपा को 2029 तक ले जा सकेगा!

बहरहाल, पुराने नेताओं को राहत है कि फिलवक्त तो हाइकमान उम्र के बंधन को शिथिल कर चुका है, संभावनाओं के द्वार खुले हैं, तोमर के पास लंबा अनुभव है,वीडी के पास नयी टीम व हौसला है,विजयवर्गीय के पास हुनर हैं,प्रहलाद के साथ आंतरिक मजबूती व मुकद्दर है। लेकिन खास यह भी, कि 2014 के बाद सत्ता में रहते हुए भाजपा जिस राज्य में फिर जीती वहां मुख्यमंत्री नहीं बदला। उप्र, गोवा और उत्तराखंड में जीत के बाद सीएम रिपीट हुए। सिर्फ 2021 का असम चुनाव अपवाद है, *असम मॉडल* के तहत सर्वानंद सोनोवाल को हटाकर कांग्रेस से आए हिमंत सरमा को सीएम बनाया गया था, संयोग है कि मप्र में भी संभावनाओं की फेहरिस्त में कांग्रेसी मूल के ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद हैं। फिर शिवराज का राम-राम भी है, जो विदाई व आगमन दोनों में प्रयुक्त होता है।

## छोटी खबरें

### शराबबंदी : बदल रहा है नीतीश का मन !

**पटना।** सीआईएबीसी यानी मादक पेय विनिर्माता निकाय ने बिहार सरकार से शराब की बिक्री पर प्रतिबंध हटाने का आग्रह किया। निकाय ने कहा कि ऐसा करने से राज्य के राजस्व संग्रह को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि मणिपुर में 30 साल के अंतराल के बाद शराब की बिक्री और खपत को वैध कर दिया है। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन अल्कोहलिक बेवरेज कंपनीज ने यह भी कहा कि बिहार में शराबबंदी खत्म होने से वहां की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, खराब गुणवत्ता वाली शराब का गैरकानूनी व्यापार खत्म होगा और जहरीली शराब की त्रासदियों को रोका जा सकेगा। ज्ञात हो बिहार में शराबबंदी लागू है लेकिन इस बीच जहरीली शराब पीने से कई त्रासदियां हो चुकी हैं व अवैध शराब का सिंडिकेट पैदा हो गया है मणिपुर ने 30 से अधिक वर्षों के प्रतिबंध के बाद सात दिसंबर को राज्य में शराब की बिक्री और खपत को वैध कर दिया था।



### हिमाचल में सरकार का साल पूरा होने का जश्न



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार सोमवार को धर्मशाला में अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने का जश्न मनाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रदेश मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ला समारोह में मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के आने पर संशय बना हुआ है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी शुक्ला समेत कई बड़े नेताओं को भी निमंत्रण दिया गया है।पुलिस मैदान धर्मशाला में 25 हजार से अधिक लोगों के बैठने का इंतजाम किया गया है। भीड़ जुटाने के लिए करीब एक हजार बसें लगाई जाएंगी। सरकार के सभी मंत्री, मुख्य संसदीय सचिव और कांग्रेस विधायक भी समारोह का हिस्सा बनेंगे।

### चंड़ीगढ़ में दबोचे गए तीन आरोपी

## एक तस्वीर ने पकड़वा दिया गोगेमेड़ी की हत्या के आरोपियों को

**नई दिल्ली , एजेंसी।**



राष्टीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को गोली मारने वाले दोनों शूटर्स समेत तीन लोगों को पुलिस ने महज एक तस्वीर के आधार पर दबोच लिया।इन्हें चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है तीसरा शख्स वो है जिसने दोनों शूटर्स का भागने में साथ दिया। पांच दिन तक दोनों शूटर्स पुलिस को चकमा दे रहे थे। वे चार राज्यों में घूमे।

उनकी यह तस्वीर हरियाणा के धारूहेड़ा रेलवे स्टेशन की थी दरअसल, जब वे लोग धारूहेड़ा रेलवे स्टेशन में थे तो सीसीटीवी कैमरे में उनकी तस्वीर कैद हो गई। जानकारी के मुताबिक, प्लान को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी डीडवाना भाग गए और वहां से फिर वे धारूहेड़ा पहुंचे। पहला सबूत पुलिस को धारूहेड़ा से ही बरामद हुआ। इसके बाद राजस्थान पुलिस ने दिल्ली स्पेशल सेल की मदद ली और दोनों के संभावित ठिकानों का पता लगाने के लिए मोनू मानेसर सहित भोंडसी जेल में बंद कुछ कैदियों से पूछताछ की। आरोपी सड़क मार्ग से जयपुर से होते हुए डीडवाना-सुजानगढ़-धारूहेड़ा तक पहुंचे। फिर वे आगे बस से मनाली पहुंचे और वापस चंडीगढ़ के सेक्टर-22 आ गए और पकड़े गए। दोनों आरोपियों ने हत्या करने के बाद हथियारों को छुपा दिया था। ताकि भागते समय ट्रेन या बस में चेकिंग के समय न पकड़े जा सकें।

## डंपर से टकराकर आग लगी, दरवाजे लाक, आठ जिंदा जले

**बरेली एजेंसी।** उप्र के बरेली के भोजीपुरा क्षेत्र में नैनीताल हाईवे पर शनिवार देर रात भीषण हादसा हो गया। भोजीपुरा थाने से कुछ दूरी पर डंपर से टकराने के बाद एक कार में आग गई, जिससे उसमें सवार सभी आठ बरातियों की मौत हो गई। रात करीब ढाई बजे सभी मृतकों की पहचान हो पाई। कार सवार लोग बरेली शहर में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर बहेड़ी लौट रहे थे। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाकर कार से शवों को बाहर निकाला। डंपर से टकराने के बाद कार में आग लगी तो उसका सेंट्रल लॉक भी फंस गया। डंपर में फंसी कार धू-धू कर जलती रही। किसी को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। कार के अंदर लोग जिंदगी के लिए छटपटाते रहे। कार की रफ्तार का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह करीब पांच फुट ऊंचे डिवाइडर पर चढ़कर दूसरी ओर विपरीत दिशा से आ रहे डंपर में जा घुसी।

## यादव दिल्ली दरबार तलब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** उधर हार के मची उथलपुथल के बीच पूर्व मंत्री अरूण यादव दिल्ली पहुच रहे हैं। उन्हें हाइकमान ने चर्चा के लिये बुलाया है। यादव को मप्र में संगठन में महत्पूर्ण जिम्मेदारी देने की भी चर्चा को बल मिल रहा है। वे पहले भी साढे चार साल मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। इधर कमलनाथ आज शाम तक भोपाल लौट सकते हैं, वे चार दिन से दिल्ली में थे। मप्र में कांग्रेस विधायक दल के नेता का चुनाव भी जल्द होने वाला है और इसके लिये केंद्र की तरफ से जल्द ही पर्यवेक्षक नियुक्त करने के आसार हैं। हार के कारणों पर हुई बैठक के बाद माना जा रहा है कि कांग्रेस संगठन की नयी सूरत बनाने की दिशा में आगे बढ रही है।



## मायावती ने घोषित किया भतीजे को वारिस



**लखनऊ, एजेंसी।**

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने आज लखनऊ में आयोजित पार्टी बैठक के दौरान बड़ा फैसला लिया है। खबरों के मुताबिक ,बीएसपी की मीटिंग में मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। आकाश आनंद लंदन से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कर चुके हैं। उनकी राजनीति में एंट्री साल 2017 में हुई थी, जब वह सहारनपुर रैली में पहली बार मायावती के साथ मंच पर दिखे थे। आकाश फिलहाल पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर भी हैं। लंबे समय से पार्टी में अटकलें थी कि मायावती अपना उत्तराधिकारी किसे बनायेंगी। माना जा रहा है कि आकाश के जरिये बसपा उप्र में अपनी जर्ड को जमाने के लिये चार महीने बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में नये सिरे से मैदान में उतरेगी। अभी उत्तरप्रदेश समेत कुछ अन्य हिंदी भाषी राज्यों में भी बसपा की ताकत लगातार कम हो रही है।

**मेट्रो एंकर**

### अरुण गोविल व दीपिका समेत अमिताभ-अम्बानी भी आमंत्रित

## अयोध्या के मेहमान होंगे 7 हजार वीवीआईपी

**अयोध्या , एजेंसी।**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए देशभर के जाने माने हस्तियों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस सूची में 3 हजार वीवीआईपी समेत कुल 7 हजार लोगों को आमंत्रण भेजा गया है। खास बात ये है कि इस लिस्ट में अस्सी के दशक के टीवी सीरियल 'रामायण' में भगवान राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल और देवी सीता की भूमिका निभाने वाली दीपिका चिखलिया का नाम भी शामिल है। लेकिन हैरानी की बात ये है कि इस लिस्ट में बीजेपी की प्रशंसक कंगना रनौत का नाम शामिल नहीं है। जो पिछले ही महीने अयोध्या के रामलला के दर्शन करने के लिए पहुंची थीं,

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तो 22 जनवरी, 2024 को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए पहले ही आमंत्रित किया जा चुका है। अब दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, फिल्म स्टार अमिताभ बच्चन और उद्योगपति मुकेश अंबानी सहित करीब सात हजार लोगों को ट्रस्ट ने न्यौता भेजा है। खबरों के मुताबिक मनोरंजन जगत से जुड़ी हस्तियों में की तो प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अक्षय कुमार, आशा भोसले को भी न्यौता भेजा गया है। बात करें समय और तारीख की तो 22 जनवरी को कार्यक्रम का समय सुबह 11 बजे बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि करीब 3 घंटे तक यह कार्यक्रम चलेगा। मशहूर हस्तियों के अलावा साल 1992 में मारे गए कारसेवकों के परिवारों को भी न्यौता भेजा गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत, योग गुरु राम देव, उद्योगपति रतन टाटा, उद्योगपति गौतम अडाणी भी शामिल होने वाले हैं।

### निर्माण ऐसा कि हजार साल मरम्मत की जरूरत नहीं !



अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर के पहले चरण का कार्य लगभग पूरा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा से पहले तैयारियों को आखिरी रूप दिया जा रहा है। राम मंदिर का निर्माण नागर शैली में हुआ है। इसे प्रसिद्ध वास्तुकार चंद्रकांत भाई सोमपुरा की टीम ने डिजाइन किया है। ट्रस्ट का दावा है कि एक हजार साल तक इसकी मरम्मत की जरूरत नहीं होगी। यह मंदिर युगों- युगों तक भगवान श्रीराम की महिमा का बखान सिर उठाकर करता रहेगा।निर्माण राजस्थान के मिर्जापुर और बंसी- पहाड़पुर के गुलाबी बलुआ पत्थर और नक्काशीदार संगमरमर से हुआ है। इसके अलावा इसमें 17,000 ग्रेनाइट पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है, जिनमें से प्रत्येक का वजन 2 टन है। माना जा रहा है कि 27 जनवरी 2024 से राम मंदिर आम लोगों के लिए खुल जाएगा।

### भाजपा के लिए खास

उल्लेखनीय है कि अप्रैल महीने में देश में लोकसभा के चुनाव भी होने वाले हैं और राम मंदिर भाजपा का हमेशा से एजेंट में शामिल विषयों में प्रमुख रहा है माना जाता है कि राम मंदिर के लोकार्पण के बाद भाजपा इसका सियासी लाभ लेने की कोशिश भी करेगी।

## भोजपाल महोत्सव मेला

# सूफी नाइट आज, इंडियन आइडल फेम सवई भट्ट देंगे प्रस्तुति



### अंडर वॉटर टनल में दुनियाभर की मछलियां

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेले में आज सूफी नाइट में इंडियन आइडल सीजन-12 फेम प्लेबैक सिंगर सवाई भट्ट अपनी प्रस्तुति देंगे। सवाई भट्ट हिमेश रेमशिया के साथ प्रस्तुति दे चुके हैं।वहीं बीती रात वैशाली राय के ग्रुप ने भोजपाल महोत्सव मेला के सांस्कृतिक मंच पर धमाल मचाया। वैशाली बॉलीवुड नाइट, डांसिंग नंबर्स के साथ कई शो कर चुकी हैं। इस मेले में रोजाना 15 से 20 हजार लोग परिवार के साथ पहुंच रहे हैं। मेले में सबसे ज्यादा युवाओं की टोली देखी जा रही है। मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि मेले में जुडे कई नये आकर्षण लोगों को उत्साहित कर रहे हैं।

**अंडर वाटर टनल में मछलियां-**मेले में बच्चों के आकर्षण के लिए कई नई चीजें हैं। इस बार विभिन्न तरह की रंग बिरंगी मछलियों का घर संसार देखने को मिल रहा है। दुबई, सिंगापुर, मलेशिया, बैंकाक, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, और चंडीगढ़ में बनाया गया अंडर वाटर टनल अब मेले में देखने को मिल रहा है। यहां जमीन के भीतर करीब 180 फीट लंबे अंडर वाटर टनल और फिश एक्वेरियम में 300 से ज्यादा विभिन्न प्रकार की मछलियां हैं। मेले में एक किलोग्राम से लेकर करीब 80 किलोग्राम तक की मछली हैं। एक्वेरियम में लाई गई अरुपमा मछली करीब 80 किलोग्राम की है। इसकी लम्बाई करीब 6 फीट है।

## वर्ल्ड पल्स पोलियो दिवस





**भोपाल। आज पल्स पोलियो दिवस पर भोपाल के नादरा बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन 6 नंबर प्लेटफार्म पर बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई।**

## रेल यात्रियों की सुविधा बढ़ेंगी

# मालभाड़ा परिवहन से रेलवे को हुई 677 करोड़ की कमाई



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल रेल मंडल नने पिछले आठ महीने में मालभाड़ा परिवहन कर 677 करोड़ रुपये की कमाई की है। अब इस राशि से मंडल में रेल यात्रियों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के 08 माह में मंडल को मालभाड़ा से 677.22 करोड़ की कमाई हुई जो कि गत वर्ष की इसी अवधि में रुपये 658.28 करोड़ की तुलना में 2.88त्न प्रतिशत अधिक है; भोपाल मण्डल के विजनेस डेवलपमेंट यूनिट (बीडीयू) द्वारा माल परिवहन से जुड़े बड़े और छोटे व्यापारियों से संपर्क किया जा रहा है, साथ ही उन्हें भारतीय रेलवे द्वारा दी जाने वाली सहूलियतों के बारे में बताया जा रहा है ताकि सड़क परिवहन की बजाए रेल परिवहन के प्रति उनका रूझान बढ़े। उल्लेखनीय है कि रेल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए रेलवे व्यापारियों व उद्योगपतियों को कई तरह का प्रोत्साहन दे रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया नें बताया कि रेलवे के जरिये माल परिवहन के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा लागू की गई आकर्षक प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी माल परिवहन से जुड़े सभी व्यापारियों को दी जा रही है और प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ उठाते हुए उन्हें अधिक से अधिक माल रेलवे के जरिये परिवहन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### बरखेड़ा-बुदनी के बीच शुरू हुआ ट्रेनों का ट्रायल

भोपाल से इटारसी के बीच बरखेड़ा-बुदनी रेलखंड में तीसरी रेल लाइन पर शनिवार से ट्रेनों का ट्रायल किया जा रहा है। यह अलग-अलग गति में किया जा रहा है, जो अलग-अलग चरणों में पूरा होगा। ट्रायल के दौरान सबकुछ ठीक रहा तो जल्द ही इस खंड में तीसरी नई रेल लाइन पर ट्रेनों के परिचालन की अनुमति दे दी जाएगी। इसका फायदा आम यात्रियों को होगा। यह घाट वाला रेलखंड है जिसमें पहले से मौजूद दो रेलवे ट्रैक पर अधिक घुमाव है, घाट भी है जिसके कारण इस रेलखंड को पार करने में समय लगता है। तीसरी रेल लाइन पर घाटों व घुमावदार पाइंटों को कम किया है, जिसके कारण ट्रेनों का आवागमन सुगम होगा और ट्रेनें कम समय में एक से दूसरे स्टेशनों के बीच पहुंच सकेंगी।

### आज से कामायनी एक्सप्रेस की सेवा का विस्तार बलिया तक



भोपाल व रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली कामायनी एक्सप्रेस यूपी के बलिया स्टेशन तक चलेगी। यह विस्तार आज 10 दिसंबर से होगा। भोपाल रेल मंडल से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रेन 11071/11072 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस कामायनी एक्सप्रेस विस्तार के पश्चात बनारस स्टेशन के स्थान पर वाराणसी स्टेशन पर रुकेगी। ट्रेन 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस कामायनी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सारणी के अनुसार चलते हुए शाम 7.45 बजे वाराणसी, रात 8.45 बजे औड़ीहार, रात 9.25 बजे गाजीपुर सिटी और रात 10.35 बजे बलिया स्टेशन पहुंचेगी।

# नगर निगम कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन, पेंशनर भी हुए परेशान

### शासन के आदेश के बावजूद हीलाहवाली




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जिला कलेक्टर एवं शासन के प्रत्येक माह की 1 तारीख को वेतन देने के आदेश होने के बाद भी राजधानी भोपाल में नगर निगम में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है अधिकांश कर्मचारियों को महीने की 20 तारीख तक वेतन प्राप्त होता है राजधानी के निगम कर्मचारियों को वेतन भुगतान में देरी से कई प्रकार की परेशानी उठाना पड़ती है।

प्रति वर्ग कर्मचारी संघ के सचिव उमाशंकर तिवारी के मुताबिक अभी हाल ही में जिला कलेक्टर द्वारा 1 तारीख तक वेतन सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए गए थे उसके बावजूद भी नगर निगम भोपाल के अधिकारियों ने वेतन का भुगतान नहीं किया इससे निगम कर्मचारियों एवं सेवानिवृत कर्मचारियों को पेंशन न मिलने से रोष व्याप्त है तिवारी ने मुख्य सचिव से निवेदन किया है कि शासकीय कर्मचारियों की तरह निगम मंडल के कर्मचारियों को भी प्रत्येक माह की 1 तारीख को वेतन सुनिश्चित किया जाए।

# स्कूल में शराब पीकर पहुंचा शिक्षक, देशी कट्टा लहराया

### मामले में पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, डीईओं ने किया सस्पेंड



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के बैरसिया ब्लाक स्थित गांव उमरिया की प्राथमिक शाला परिसर में एक शिक्षक द्वारा शराब पीकर उत्पात मचाने और देशी कट्टा लहराने का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले में की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक पहुंचने के बाद शिक्षक को सस्पेंड किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मामले की लिखित शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी को की गई है। शिकायत में कहा गया है कि स्कूल में करीब ढाई बजे प्राथमिक शिक्षक बृजमोहन साहू स्कूल परिसर में शराब पी रहा था। उसके पास देशी कट्टा भी था। उस समय यहां बच्चे भी खेल रहे थे। मामले में शिक्षक साहू को सस्पेंड कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही सहायक संचालक को मौके पर भेजा गया था। उनकी जांच रिपोर्ट के बाद शिक्षक को सस्पेंड कर दिया गया।

**मेट्रो एंकर** | नई मशीन लगाने से लेकर पुरानी के मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी संभालेगी

# हमीदिया सेंट्रल पैथालाजी में जांच का पहला चरण शुरू, बायोकैमेस्ट्री जांचें हुई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के सबसे बडे हमीदिया अस्पताल में छह माह से बंद पड़ी जांचों को चार चरण में शुरू किया जा रहा है। अब तक इस कारण मरीजों को खून की सामान्य जांच से लेकर डिजिटल एक्स-रे तक के लिए निजी सेंटर जाना पड़ रहा था। हमीदिया अस्पताल में सेंट्रल पैथोलाजी सुविधा को एक साथ न कर चार चरणों में शुरू किया जाएगा। इसका प्रत्येक चरण सात दिन का होगा। पहले चरण में बायोकैमेस्ट्री कई महत्वपूर्ण जांचें शुरू हो चुकी हैं। इसमें स्टाफ को नई मशीनों की ट्रेनिंग से लेकर सेंट्रल पैथोलाजी सिस्टम की बारीकियां बताई जाएंगी।




इसके साथ ही हर फेज की मशीन चालू हो, इसकी पुष्टि भी की जाएगी। मेडिकल कालेज में सेंट्रल पैथोलाजी के लिए करीब तीन साल से कवायद चल रही है। स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में साल 2022 में ही व्यवस्था लागू हो चुकी है। यहां भी एक निजी कंपनी को पीपीपी मोड पर लैब संचालन का ठेका दिया गया है।

जानाकारी के अनुसार, अब तक हमीदिया अस्पताल में जिस मशीन की शिकायत आती थी, उसको ठीक भी कराया जाता था। इसी बीच दूसरी मशीन खराब हो जाने की खबर आ जाती है। इस समस्या को लंबे समय के लिए खत्म करने के उद्देश्य से हमीदिया अस्पताल में सभी मशीनों की एक साथ जांच की जाएगी। यह प्रक्रिया 21 दिन तक चलेगी। चूंकि हमीदिया अस्पताल में सेंट्रल पैथोलॉजी लैब सिस्टम को प्रभावी रूप से लागू करने का काम शुरू हो गया है। यह काम पीपीपी माडल पर किया जा रहा है। इसके तहत कंपनी का चयन किया गया है, जो बायोकेमेस्ट्री, माइक्रोबायोलाजी, पैथोलाजी समेत निजी लैब से कराई जाने वाली सभी जांच की व्यवस्था परिसर में ही करेगी। इसके साथ ही हमीदिया अस्पताल में नई मशीन लगाने से लेकर पुरानी के मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी संभालेगी। इससे मरीजों को जांच के लिए बार-बार नमूने नहीं देने होंगे। यही नहीं, मरीजों को एसएमएस के जरिए जांच रिपोर्ट भी उपलब्ध करा दी जाएगी।

# वित्तीय प्रबंधन, साक्षरता व वित्तीय कौशल जाना छात्राओं ने

### संत कॉलेज में दो दिनी कार्यशाला हुई



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में दो दिनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट- एन एज्यूकेशनल एनिशिएटिव ऑफ सेबी के साथ कार्यशाला आयोजित की। एन.आई.एस.एम कोना- कोना शिक्षा कार्यक्रम में कार्यशाला आयोजित की गई। विषय विशेषज्ञ के रूप में श्रुति गुप्ता, फाइनेंशियल एज्यूकेशन ट्रेनर उपस्थित थीं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभूति बाजारों में निवेश व छात्राओं में इस क्षेत्र के विषय में जागरूकता को आवश्यक बताया। सुश्री श्रुति गुप्ता ने छात्राओं को वित्तीय प्रबंधन, वित्तीय साक्षरता वित्तीय कौशल को प्रभावी ढंग से समझाया। कार्यशाला आठ सत्रों में हुई, जिसमें निवेश के महत्व, आर्थिक निवेश के अवसरो, म्यूचअल फंड और उसके महत्व आदि शेयर मार्केट में निवेश करते समय ध्यान देने योग्य बातें बताई गई। डब्बा ट्रेडिंग क्या है ? शेयर मार्केट के उतार- चढ़ावों में इसकी भूमिका क्या है? इसके साथ ही प्राइमरी मार्केट और द्वितीय मार्केट में अंतर, सिक्योरिटी मार्केट में कॅरियर की अनेक संभावनाओं के बारे में बताया गया।

## एमपी बोर्ड: शिक्षा विभाग प्रमुख सचिव ने जारी किए नए दिशा-निर्देश

# अब बोर्ड परीक्षाओं में सीएम राइज स्कूलों के शिक्षकों की लगेगी ड्यूटी

### सीएम राइज स्कूल भवनों के कक्षों का उपयोग परीक्षा के स्ट्रांग रूम के लिए नहीं होगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में सीएम राइज स्कूलों के शिक्षकों की डयूटी को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग प्रमुख सचिव ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग प्रमुख सचिव रश्मि अरूण शमी ने प्रदेशभर के जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा है कि बोर्ड परीक्षाओं में सीएम राइज स्कूल में पदस्थ शैक्षणिक अमले एवं स्कूल लीडर्स की सेवाएं मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा कार्य और मूल्यांकन के लिए ली जा सकेंगी। सीएम राइज स्कूलों के भवनों एवं परिसर का उपयोग उपलब्धता के आधार पर मंडल की परीक्षाओं के लिए किया जाएगा, परन्तु भवन निर्माणाधीन होने की स्थिति में सुरक्षा का दायित्व संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी का होगा। इन स्कूल भवनों के कक्षों का उपयोग परीक्षा हेतु स्ट्रांग रूम के रूप में नहीं किया जाएगा।

### 12वीं के रसायन शास्त्र पेपर में हुआ बदलाव, डीपीआई ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा के पेपर को लेकर जारी किए निर्देश



शैक्षणिक सत्र 2023-24 की कक्षा बारहवीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के रसायन शास्त्र विषय के हिंदी माध्यम के प्रश्नपत्रों के निर्देशों को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय ने नए आदेश जारी किए हैं। इसमें संशोधन करते हुए लोक शिक्षण संचालनालय अपर संचालक राजीव सिंह तोमर ने कहा है कि उक्त प्रश्नत्रों के निर्देश त्रुटिवश गलत प्रिंट हो गए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि प्रश्नपत्र में सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नपत्र 1 से 5 तक 28 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के लिए 21 अंक निर्धारित है। 6 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों में देना होगा, जिसके लिए 2 अंक निर्धारित है। 13 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 75 शब्द में देनाा होगा, जिसके लिए 3 अंक निर्धारित हैं। वहीं 17 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में देना होगा, जिसके लिए 4 अंक तय किए गए हैं।

## लोक अदालत: 43 करोड़ 86 लाख 53,751 की अवॉर्ड राशि पारित

# 64 खण्डपीठों में सुलझाए 10 हजार 969 मामले, हुई सुलह

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** राजधानी के जिला अदालत परिसर में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में 64 खंडपीठों में पक्षकारों के बीच सुलह कराकर आपसी सहमति से राजीनामा कराया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्रा द्वारा नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस बार लोक अदालत में कुल 10 हजार 969 प्रकरणों का निराकरण हुआ। इसमें 14389 लंबित रेफर्ड प्रकरणों में से 2429 प्रकरणों का निराकरण हुआ। वहीं 38096 प्री-लिटिगेशन रेफर्ड प्रकरण रखे गए, जिसमें से 8540 प्रकरणों का निराकरण हुआ।

नेशनल लोक अदालत में 43 करोड़ 86 लाख 53 हजार 751 रूपए से अधिक की अवार्ड राशि पारित की गई। इसमें चेक बाउंस के 597, मोटर दुर्घटना दावा के 524 , आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण 644, पारिवारिक प्रकरण 106, बैंक रिकवरी 276, व्यवहार वाद 424, विद्युत अधिनियम के 1134, श्रम विभाग से संबंधित 20, यातायात नियमों के 557, जलकर एवं संपत्ति कर के 6540 सहित 147 प्रकरणों का निराकरण किया गया है।




### राज्य सहित जिला उपभोक्ता आयोगों में 421 मामलों का हुआ निपटारा

लोक अदालत के दौरान राज्य सहित जिला उपभोक्ता आयोगों में 421 मामलों का निराकरण हुआ। जिनमें 5 करोड़ 3 लाख रूपए से अधिक की राशि वितरित की गई। रजिस्ट्रार राज्य उपभोक्ता आयोग शोभित जैन ने जानकारी दी है कि राज्य आयोग में 17 प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौते से कराया गया। इसमें 5 लाख 21 हजार 938 रूपये की राशि वितरित की गई। इसी प्रकार प्रदेश के जिला आयोगों में 404 प्रकरणों में आपसी समझौता कराया गया। इसमें 4 करोड़ 97 लाख 81 हजार 131 रूपये की राशि वितरित की गई।

### एक ही परिवार को कुल 2.79 करोड़ की अवार्ड राशि पारित

लोक अदालत में रेल इण्डियाटेक्निकल एण्ड इक्नामिकल सर्विस कंपनी के सीनियर डिवीजनल मैनेजर की मौत पर उनके परिजनों को 1 करोड़ 54 लाख रुपये और उनकी भांजी कालापीपल शाजापुर के गर्वमेंट कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर की मौत पर 1 करोड़ 25 लाख रुपये की मुआवजा राशि के चैक मृतक के परिजनों को दिए गए। जैन मंदिर के पीछे शाहपुरा भोपाल निवासी योगेश चैधरी उनकी भांजी 30 मई 2022 को कार से कालापीपल शाजापुर से भोपाल आ रहे थे, इसी दौरान ग्राम मुगालिया हाट जोड़ के पास हाईवे रोड पर शाम 5: 40 बजे के उनकी कार सड़क के रांग साईड लापरवाही से खड़े ट्रक से टकरा गई थी। इस सड़क दुर्घटना में दोनों मामा -भांजी की मौत हो गई थी।

### श्रम और औद्योगिक न्यायालय में 20 मामले में सुलह

लोक अदालत में शनिवार को श्रम न्यायालय क्रमांक एक में 8 और श्रम न्यायालय क्रमांक दो में 10 मामले आपसी सुलह से निपटाए गए। वहीं औद्योगिक न्यायालय में 2 मामलों में समझौता हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लोक अदालत में लूपिन कम्पनी के 5 कर्मचारियों को 10, 10 लाख रुपये की एकमुश्त राशि देकर समझौता हुआ। औद्योगिक न्यायालय के प्रभारी रजिस्ट्रार डॉ सचिन मजुमदार ने बताया कि श्रम न्यायालय एक में लोक अदालत पीठ के पीठासीन अधिकारी कुशलहरा चक्रवर्ती और श्रम न्यायालय 2 के पीठासीन अधिकारी मुकेश चौहान, सदस्य न्यायाधीश संजय रघुवंशी ने मुकदमों में समझौता कराया।

## 15 दिसंबर को जारी होगी अधिसूचना

# अब नौ हजार पंच, सरपंच व पार्षद चुनने के लिए उपचुनाव की बारी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में विधानसभा चुनाव व नतीजे के बाद अब पंचायत और नगरीय निकायों के उपचुनाव का दौर शुरू होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसका कार्यक्रम जारी कर दिया। मतदान पांच जनवरी को होगा। इसमें 9220 पंच, 56 सरपंच, 15 जनपद और एक जिला पंचायत सदस्य के लिए उप निर्वाचन होगा। इसी तरह विभिन्न नगरीय निकायों में 21 पार्षद पद के लिए भी चुनाव होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने बताया कि 15 दिसंबर को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन पत्र जमा होने प्रारंभ हो जाएंगे। 22 दिसंबर तक नामांकन लिए जाएंगे। इनकी जांच 23 दिसबंर को होगी और अभ्यर्थी 26 दिसबंर तक नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। पंचायतों में मतदान पांच जनवरी को सुबह सात से दोपहर तीन बजे और नगरीय निकायों में सुबह सात से शाम पांच बजे तक होगा। नगरीय निकायों की मतगणना नौ जनवरी को सुबह नौ बजे से होगी। पंचायत उप निर्वाचन में पंच पद के लिए मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केंद्र में ही होगी। सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य की इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से होने वाली मतगणना नौ जनवरी को संबंधित विकासखंड मुख्यालय पर सुबह आठ बजे से की जाएगी। सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य पद के निर्वाचन परिणामों की घोषणा भी नौ जनवरी और जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणाम की घोषणा 11 जनवरी को की जाएगी।

### स्वागत...



भोपाल. भाजपा विधायक प्रहलाद पटेल शनिवार को विधानसभा पहुंचे तो प्रिंसिपल सेक्रेटरी ने उनका स्वागत किया।

### पोर्टल पर प्रैक्टिकल के अंक भी अपलोड करना होगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सेंटल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) के 10वीं और 12वीं कक्षा के प्रैक्टिकल शुरू हो चुके हैं। स्कूलों को प्रैक्टिकल परीक्षाएं 15 फरवरी से पहले कराना होंगी। 10वीं एवं 12वीं कक्षा में भोपाल जिले से करीब 40 हजार विद्यार्थी शामिल होते हैं। प्रैक्टिकल कराने के साथ ही बोर्ड के पोर्टल पर प्रैक्टिकल के अंकों को भी अपलोड करना होगा। मुख्य परीक्षा फरवरी में आयोजित की जाएंगी।

### बीयू: पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षाएं 19 से

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल. बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) ने पीजी थर्ड सेमेस्टर का टाइम-टेबल जारी कर दिया है। यह परीक्षा 19 दिसंबर से शुरू होकर 3 जनवरी तक चलेगी। परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। परीक्षा में एमए, एमकॉम, एमएससी, एमएससी होमसाइंस, मास्टर ऑफ सोशल वर्क, एमए यौगिक साइंस कोर्सेस के नियमित छात्रों के अलावा स्वाध्यायी (प्राइवेट स्टूडेंट) एवं एटीकेटी के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।



**मेट्रो एंकर**

## ईपीएफ पेंशन में बढ़ोतरी व ओपीएस बहाली पर होगी चर्चा

# 12 को दिल्ली में जुटेंगे मप्र समेत 20 राज्यों के निजी और सरकारी सेक्टर के कर्मचारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र, राजस्था व छत्तीसगढ़ में सरकारें बदलते देख कर्मचारियों अपनी लड़ाई तेज कर दी है। 12 दिसंबर को मप्र समेत 20 राज्यों के निजी व सरकारी सेक्टर के कर्मचारी दिल्ली में जुट रहे हैं। इसमें ईपीएफ पेंशन में बढ़ोतरी व पुरानी पेंशन बहाली पर चर्चा होगी। इस बैठक के लिए सभी राज्यों से कर्मचारियों का दल दिल्ली रवाना होना शुरू हो गए हैं। अभी प्रमुख कर्मचारियों को ही बुलाया है. जिसमें रणनीति तैयार होने के बाद अगली बैठक में बाकी के कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा।

### तीन राज्य की सरकार बदली तो इसलिए तेज हुई कर्मचारियों की लड़ाई

राजस्थान में कांग्रेस ने कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देना शुरू कर दिया था। यही हालत छत्तीसगढ़ का था। लेकिन मप्र में भाजपा की सरकार थी जो इस पेंशन पर मौन थी। कांग्रेस ने दावा किया था कि उसकी सरकार आई तो मप्र में वह कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देना शुरू कर देगी लेकिन यहां फिर भाजपा ने वापसी की है तो छत्तीसगढ़ व राजस्थान में कांग्रेस पार्टी चुनाव हार गई है। वहां भाजपा सरकारी बनने वाली है।



### किसके क्या मुद्दे

**ईपीएफ कर्मचारी व पेंशनभोगी-** मप्र समेत सभी राज्यों में इनकी संख्या करोड़ों में है। इन्हें 1500 से 2000 रुपये तक ही पेंशन मिल रही है, जिसका ये दूसरी से विरोध कर रहे हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट में है। जिसमें कहा जा चुका है कि वास्तविक वेतन की गणना के आधार पर ईपीएफ पेंशन का भुगतान किया जाए, लेकिन निजी सेक्टर व सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इन बातों को मानने को तैयार नहीं है।

**सरकारी क्षेत्र के पेंशनभोगी-** इनकी हालत 2005 के बाद से खराब है। इस अवधि तक पुरानी पेंशन लागू थी जिसमें जैसी वेतन वैसी पेंशन मिलती थी। उसके बाद से पुरानी पेंशन बंद कर नई पेंशन शुरू कर दी है, जिसमें नाममात्र की पेंशन मिलती है। इस बात से मप्र समेत सभी राज्यों व केंद्रों के सरकारी कर्मचारी परेशान है।



# महुआ मोइत्रा बनाम संसद का आहत पुरुषार्थ

■ राकेश अचल



पश्चिम बंगाल के श्रीकृष्णनगर से तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा का संसद से बाहर किया जाना संसद के आहत पुरुषार्थ का अब तक का सबसे ब?ा उदाहरण है। महुआ की संसद सदस्यता रद्द किये जाने से लोकतंत्र पर कोई पहा? नहीं टूटने वाला किन्तु सत्तारू? दल की इस कार्रवाई ने एक बार फिर बिखरे हुए विपक्ष को एकजुट कर दिया है। यानि महुआ मोइत्रा अब कदाचरण की नहीं बल्कि सत्ता की प्रता?ना की प्रतीक बन गयीं है। उनके ऊपर संसद में नगदी लेकर सवाल पूछने का आरोप था।

पचास साल की महुआ अमेरिका से अर्थशास्त्र और गणित में स्नातक है। राजनीति में आने से पहले बैंकर थी। राजनीति में उनका तजुर्बा भी संसद के रूप में ज्यादा नहीं है। वे दूसरी बार संसद के लिए चुनी गयीं लेकिन उन्होंने इन सात सालों में भी अपनी मेधा से सत्तारू? दल के छक्के छु?ाने में महारत हासिल करने के साथ ही एक अलग पहचान भी बनाई ।उनके डीएनए में कांग्रेस है।युवा कांग्रेस में शामिल होने के बाद वे ÷आम आदमी का सिपाही÷ परियोजना में राहुल गांधी की भरोसेमंदों में से एक थी। 2010 में वे तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुईं।उन्होंने अपने धारदार प्रश्नों से सत्तारू? दल के पुरुषार्थ को इतना ज्यादा आहत किया कि अंतत: उन्हें संसद ने ध्वनिमत से संसद से बाहर कर दिया। लेकिन वे जब संसद से बाहर आयीं तो उनके साथ समूचा विपक्ष था।

महुआ मोइत्रा सांसदी गंवाने वाली अकेली या पहली सांसद नहीं है। उनसे पहले दर्जनों संसद अपनी सांसदीगंवा चुके है। कांग्रेस के शासन में भी और भाजपा के शासन में भी। लेकिन किसी की सांसदी दलबदल की वजह से छीन गयी तो किसी की सांसदी आपराधिक मामलों में दो साल से ज्यादा की सजा मिलने के बाद। लेकिन महुआ की सांसदी जिस तरीके से छीनी गयी है उसकी वजह से वे समूचे विपक्ष और देश की सहानुभूति की पात्र बन गयीं है। महुआ मोइत्रा पर एक कारोबारी के साथ अपना आधिकारिक ईमेल आईडी पासवर्ड शेयर करने का आरोप था। उनके खिलाफ शिकायत करने वाले भाजपा के संसद निशिकांत दुबे थे। उनके खिलाफ मामले की जांच करने वाली संसद की मर्यादा से के सदस्य भाजपा के थे और उन्हें संसद की सदस्यता के लिए अपात्र करने वाले सदस्य भी सत्तारू? दल के थे।

संसद की सदस्यता किसी को उपहार में नहीं मिलती। संसद की सदस्यता पाने केलिए जनादेश हासिल करना प?ता है इसलिए यदि किसी की सदस्यता छीनी जाती है तो ये उस जनादेश की अवमानना होती है जो उसे जनता ने दिया था ,लेकिन संसद शायद ऐसा नहीं मानती और जिसे सत्ता अपनी आँख की किरकिरी मानती है उसे महुआ मोइत्रा बना देती है। महुआ मात्र एक सांसद थीं लेकिन राहुल गांधी तो एक राष्टीय दल के सर्वमान्य नेता थे, सत्तारू? दल ने उनकी सदस्यता भी रद्द की ,गनीमत है कि वे अदालत के हस्तक्षेप से अपनी सदस्यता बहाल करने में कामयाब हुए। मुमकिन है कि महुआ भी अदालत जाएँ तो उनकी भी सदस्यता बहाल हो जाये। सत्तारू? दल नहीं चाहता की महुआ मोइत्रा जैसी कोई वाचाल,प्रश्नाकुल और गणित समझने वाली कोई महिला संसद की सदस्य हो।

आपको याद दिला दूँ कि महुआ पिछले सात साल से सत्तारू? भाजपा को परेशानी में डालने में सबसे आगे थी। उन्होंने अनेक बहसों में शामिल होकर प्रधानमंत्री से लेकर उनके तमाम सेनापतियों के लत्ते लिए ,निरुत्तर किया। भाजपा जब मैदान में तृणमूल कांग्रेस का कुछ नहीं बिगा? पायी तो उस्सने महुआ को निशाने पर ले लिया। भाजपा का असल गुस्सा तो बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी पर था। ममता ने भाजपा को बंगाल में हराया, प्रधानमंत्री की सभा का बहिष्कार किया और भाजपा के एजेंट बनकर काम करने वाले तत्कालीन राज्यपाल जयदीप धनक? को विफल किया। संसद के बाहर ममता और संसद के भीतर महुआ भाजपा के लिए मुसीबत बन गयी।

आपको याद दिला दूँ कि सवाल के बदले माल [नगदी ] लेने का सबसे पहला मामला 2005 में उजागर हुआ था। उस समय जिन 11 सांसदों की सदस्यता संसद की मर्यादा कमेटी की रिपोर्ट पर छीनी गयी थी,उसके ऊपर बाकायदा बहस हुई थी ।दोषी पाए गए 11 में से सर्वाधिक 6 सदस्य भाजपा के थे। मतदान हुआ था,लेकिन महुआ के मामले में बहस करने के बजाय सत्तारू? दल से मेजें बजवाई गयीं और उसी ध्वनिमत के सहारे महुआ की सदस्यता छीनने का निर्णय कर लिया गया। ये संसद में बहुमत के दुरूपयोग का दूसरा ब?ा उदाहरण था। इसी तरह सरकार ने राजयसभा में अपने दो विधेयक विपक्ष के विरोध के बावजूद ध्वनिमत से पारित कराये थे। उस समय राज्यसभा के उप सभापति हरवंश के लत्ते लिए गए थे। बाद में हरवंश को इसका ईनाम भी मिला।

लोकसभा की इस कार्रवाई से महुआ पूर्व संसद नहीं बल्कि अभूतपूर्व सांसद बन गयीं है। वे अगला आम चुनाव ल? पाएं या नहीं ,इससे कोई फर्क नहीं प?ता, लेकिन उनकी सदस्ता छीनकर भाजपा ने देश में नारी शक्ति वंदना के अपने नाटक का पर्दा अपने हाथ से हटा दिया है। जाहिर कर दिया है की भाजपा को न महुआ मोइत्रा चाहिए, न उमा भारती और न बसुंधरा राजे। देश में 1988 से 2023 तक 43 सांसदों की सदस्ता विभिन्न कारणों से छीनी गयी ,लेकिन किसी मामले में संसद की इतनी बदनामी नहीं हुई जितनी की महुआ मोइत्रा के मामले में हो रही है। महुआ मोइत्रा अब अकेली नहीं है। सत्तारू? भाजपा ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को पराजित कर जिस आईएनडीआईए [इंडिया] गठबंधन को कमजोर कर दिया था वो ही इंडिया गठबंधन महुआ मोइत्रा प्रकरण के बाद एक बार फिर से एकजुट हो गया है। मुझे लगता है कि भाजपा अपने अश्वमेघ के खुरों में खुद ही कीलें खुद ढीली कर रही है। मुझे इस बात की आशंका है कि महुआ के अपमान का श्राप भाजपा के लिए भारी न प? जाये। लेकिन भाजपा शायद नारी शक्ति के शाप से डरती नहीं है। अपने मन की करती है। पूरे देश की तरह मेरी सहानुभूति भी महुआ मोइत्रा के साथ है। मैं उम्मीद करता हूँ की अदालत के हस्तक्षेप से महुआ के साथ न्याय हो सकेगा।

**साभार :** लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। यह उनके अपने विचार हैं।

# सुरंग में रोशनी और जिंदगी का अंधेरा

■ दीपांकर गुप्ता

तमाम नियम-कानूनों की अवहेलना करके बनाई जा रही सिलक्यारा सुरंग के हादसे में फंसे मज़दूरों को रैटहोल माइनर्स की बदौलत बचा लिया गया, गोकि भारत में यह तरीका प्रतिबंधित है। परिणाम में सफलता तो मिली लेकिन विरोधाभास भरी है। सत्रह दिनों तक व्यग्र कर देने वाली जद्दोजहद के बाद, सब मजदूरों का सकुशल निकल आना वाकई जश्न मनाने योग्य है, वहीं इस तथ्य को नज़रअंदाज़ न किया जाए कि यह त्रासदी बनने की नौबत ही नहीं बननी चाहिए थी। तदनुसार, हमें उन पर निर्भर होना पड़ा जिनकी रोजी-रोटी कानून तोड़ने से जुड़ी है और यह गतिविधि हमारी नीतियों के औचित्य का इम्तिहान भी है। यह प्रसंग याद दिलाता है कि वह गरीब ही है, जो अक्सर हमारे जीवन को इतना आरामदायक बनाता है।

सिलक्यारा हादसे की तुलना यदि थाईलैण्ड में 2018 में किए गए साहसिक बचाव अभियान से की जाए, जब कुछ लड़के दुर्भाग्यवश अचानक आई बाढ़ में एक गुफा में फंस गए थे तो उत्तराखंड में निर्माणकर्मी मलबे में इसलिए फंसे क्योंकि सुरंग निर्माण में कानून और नियमों की अनदेखी हुई है और इसे बदनसीबी से उपजा हादसा करार नहीं दिया जा सकता।पुनः थाईलैण्ड बचाव अभियान के नायक वह थे जो शौकिया गुफा-गोताखोरी करते हैं, लेकिन इसमें उच्च दर्जे के कौशल की जरूरत होती है और घंटों तक पानी के भीतर रहकर अभियान करना संभव नहीं होता। लेकिन जिस टीम ने सिलक्यारा सुरंग में फंसे मज़दूरों को बचाया है, वह गरीब रैट माइनर्स हैं। उनकी महारत तंग से तंग जगह में सुरंगें बनाकर खनन करके कोयला निकालने में है, मुख्यतः यह काम मेघालय में होता है।

वर्ष 2014 में राष्टीय हरित अधिकरण ( नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ) ने रैटहोल खनन को प्रतिबंधित कर दिया था लेकिन मेघालय के जैंतिया और खासी पहाड़ी क्षेत्र में यह काम चोरी-छिपे निरंतर जारी है। वहां खदानों में कोयला महीन भूमिगत पट्टियों में मौजूद है। लिहाजा रिवायती खनन की तकनीकें वहां बेकार हैं और यही वजह है कि खान मालिक तंग सुरंगों में वंचित और अकुशल मेहनतकशों को झोंकते हैं। मेघालय में रैटहोल माइनिंग करना आम है और जितना हो सके आलोचना लायक। संविधान की छठी अनुसूची के तहत इस राज्य की भूमि पर समुदायों का हक सुरक्षित है। निजी पक्षों ने इसकी आड़ लेकर व्याख्या कुछ इस तरह कर रखी है मानो उन्हें भू-भाग का बेरोकटोक दोहन करने की छूट सरकार से मिल गई है। मेघालय में रैट माइनिंग जारी रहने की पीछे वजह यही है।रैटहोल माइनिंग न केवल गलत है बल्कि खतरनाक भी क्योंकि खोखली खदानों में अचानक पानी भरने के कारण कई मज़दूर मर चुके हैं। शारीरिक नुकसान के सीधे जोखिम के अलावा जिस ढंग से कोयला निकाला जाता है वह पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है। सबसे अधिक गौरतलब है कि मेघालय की कोप्ली नदी का पानी इस गतिविधि के कारण अम्लीय बन चुका है। इस सबके बीच, यह संविधान की छठी अनुसूची का प्रावधान है, जो लालची खदान मालिकों को बचाए हुए है। तंग से तंग जगह में लगातार काम करने से रैटहोल माइनर्स पतली भूमिगत परतों में दबे कोयले को निकालने के लिए खुदाई, पिसाई और ढुलाई के अभ्यस्त हो गए हैं। हालांकि, इसके लिए उन्हें 'कुशल मजदूर' की संज्ञा देना सही न होगा क्योंकि प्रक्रिया मुख्यतः खुरचने, खोदने और पिसाई से खनन करने की है। आज जब हम सिलक्यारा में किए साहसिक बचाव कार्य के लिए इनको शाबाशी दे रहे हैं तो क्या सोचा कि ये नायक फिर से किन परिस्थितियों में खटने को वापस जा रहे हैं? अतंर्राष्टीय श्रम संगठन की एक रिपोर्ट बताती है कि निर्माण कार्य संबंधी मौतों में भारत सबसे आगे है, जहां लगभग 38 जानलेवा दुर्घटनाएं रोजाना होती हैं। जहां गरीबी मज़दूरों को सुरक्षा जरूरतों की परवाह न करने को मजबूर करती है वहीं ताकतवर पदों पर बैठे लोग इस कमजोरी का फायदा उठाते हैं। सिलक्यारा में रैटहोल माइनर्स के साहसिक अभियान उपरांत भी हमने एक बार फिर से यही होते देखा है। सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को निकाल लाने के बाद रैट माइनर्स को रस्मी तौर पर फूलमालाएं पहनाईं और फिर वहीं वापस भेज दिया, जहां से आए थे। कहां तो उम्मीद थी कि यह भयावह प्रसंग रैटहोल माइनिंग पर पुनर्विचार करने को प्रेरित करता, जो कि वास्तव में, पर्यावरण नियमों की उल्लंघना करके पहाड़ों में सुरंगें बनाना है। किंतु इससे कहीं दूर, हमें ऐसे रैटहोल माइनर्स अपने देश में होने पर गर्व हो रहा है और हम 'भारतीय जुगाड़' के कसीदे पढ़ने में लगे हुए हैं।



**साभार :** लेखक समाजशास्त्री हैं। यह उनके अपने विचार हैं।

# पीली धातु: शादी के सीजन में चमकता सोना, खदानों में घट रही 'दमक'

■ मधुरेंद्र सिन्हा

## त्योहारों और शादियों के समय सोना महंगा हो जाता है। पर खदानों में सोने का रिजर्व घटते जाने से इसके दाम अकल्पनीय ऊंचाई पर जा सकते हैं

दुर्लभ पीली धातु इस समय सारी दुनिया को चकाचौंध कर रही है। दुनिया भर के कमॉडिटी मार्केट में इसकी चमक है और न्यूयॉर्क कमॉडिटी एक्सचेंज में तो यह 2,000 डॉलर प्रति औंस की सीमा को तोड़ता हुआ 2,028 डॉलर प्रति औंस पर जा पहुंचा। ऐसे में, कुछ विशेषज्ञ कह रहे हैं कि अगर ऐसे ही हालात रहे, तो अगले साल के अंत तक सोना 2,200 डॉलर प्रति औंस पर जा पहुंचेगा।भारत में इस समय शादियों का सीजन चल रहा है और सोना 62,287 रुपये प्रति 10 ग्राम है। देश में सोना घरेलू कारणों की तुलना में अंतरराष्ट्रीय कारणों से प्रभावित होता है, क्योंकि अपने यहां सोने का उत्पादन नगण्य है, जबकि किसी जमाने में यहां सोने का उत्पादन सबसे ज्यादा था। कोलार की खानें कभी सोना उगलती थीं। अंग्रेजों ने 121 सालों तक यहीं से सोना लूटा और बेहद कठिन परिस्थितियों में मामूली मजदूरी पर लोगों से काम करवाया। आजादी के बाद सोने का उत्पादन कम हो गया, लेकिन 2001 में यहां सोने का उत्पादन बंद ही हो गया। उसके बाद से भारत पूरी तरह से सोने के आयात पर निर्भर हो गया।

सोने के प्रति भारतीयों के मोह ने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा सोना उत्पादक देश बना दिया। आज देश सालाना औसतन 700 टन सोने का आयात करता है और इसकी वजह से भारत का व्यापार संतुलन गड़बड़ा गया है। कच्चे तेल के बाद हम सोने का ही सबसे ज्यादा आयात करते हैं, जिसका कोई व्यवहारिक उपयोग नहीं है, जबकि चांदी का औद्योगिक उपयोग है। इस साल सोने का आयात घटकर 650 टन होगा, क्योंकि विश्व बाजार में सोना महंगा हो गया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने के मूल्य अमेरिका की आर्थिक नीतियों तथा डॉलर के उतार-चढ़ाव पर कमोबेश निर्भर करते हैं। उत्पादन घटने से तो सोना महंगा हो ही रहा है, जब दुनिया में प्राकृतिक या मानवीय विपदा आती है, तब भी सोने की कीमत बढ़ जाती है। सोना मुसीबत का सच्चा साथी है। इसलिए दुनिया भर के केंद्रीय बैंक अपने पास सोना जमा रखते हैं और जरूरत के हिसाब से बेचते-खरीदते भी हैं। कोविड महामारी के समय भी सोने की कीमतें चढ़ गई थीं और जब ईरान-अमेरिका युद्ध के कगार पर जा पहुंचे थे, तो भी ऐसा ही हुआ। अभी रूस-यूक्रेन युद्ध और इस्राइल-हमास संघर्ष में भी ऐसा ही हुआ। इसकी कीमतें इन कारणों से बढ़ी हैं। लेकिन एक बड़ा कारण यह है कि अमेरिका में इस समय सरकारी बांडों का मूल्य तेजी से गिर रहा है तो दूसरी ओर डॉलर भी महत्वपूर्ण मुद्राओं के मुकाबले नीचे जा रहा है। डॉलर के गिरने का मतलब यह है कि अन्य महत्वपूर्ण मुद्राएं ऊपर जा रही हैं जिससे उन देशों के निवेशक सोना खरीदते हैं। डॉलर और सोने की कीमतों में सीधा संबंध है और इस समय जैसे-जैसे डॉलर गिर रहा है, सोने के दाम बढ़ रहे हैं।




सोने में बड़े पैमाने पर सट्टा लगता है और अमेरिका की कुछ कंपनियां तो अरबों डॉलर का सट्टा सोने पर लगाती हैं, जिससे इसकी कीमतों में उतार-चढ़ाव आता रहता है। सोने की खदानों में अब रिजर्व भी घटता जा रहा है। आने वाले समय में अगर नए रिजर्व नहीं मिले, तो सोना अकल्पनीय ऊंचाई पर जा सकता है। इसके अलावा अमेरिकी फेडरल बैंक को यह बात समझ में आ गई है कि महंगाई रोकने के लिए मौद्रिक नीति के इस्तेमाल की अपनी सीमाएं हैं। यानी ब्याज बढ़ाकर महंगाई घटाने का तरीका घिस-पिट गया है, क्योंकि अब मुद्रास्फीति के लक्षण भी बदल गए हैं। अमेरिका में मुद्रास्फीति अब भी ज्यादा है और इस कारण सोने के दाम बढ़ गए हैं, क्योंकि बड़े निवेशक इसमें निवेश कर रहे हैं। पर भविष्य में जब मुद्रास्फीति कम होगी, तो सोने की कीमत भी गिर जाएगी। फिर रूस-यूक्रेन तथा इस्राइल-हमास के बीच चल रहे युद्ध रुकने की संभावना को देखते हुए भी सोने के दाम घटने की उम्मीद है। अपने यहां पर्व-त्योहारों- जैसे अक्षय तृतीया और दिवाली में सोने की खरीद में तेजी आने से भी उसकी कीमत बढ़ जाती है। फिर चूंकि यहां सोने पर लगभग 17 फीसदी टैक्स है, इस वजह से यह हर देश से महंगा है। महंगा होने के कारण बाजारों में हल्के गहनों की बिक्री ज्यादा है।

**साभार :** लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। यह उनके अपने विचार हैं।

# शिक्षा के महत्व और प्रासंगिकता की जानकारी देने प्राध्यापक पहल करें: प्राचार्य

## एक भारत श्रेष्ठ भारत जागरूकता कार्यक्रम के लिए नर्मदा कालेज में बनेगा सेल्फी प्वाइंट



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा कॉलेज में शनिवार को शैक्षणिक स्टाफ की बैठक संपन्न हुई। इसके अंतर्गत मॉनिटरिंग ,शैक्षणिक व अन्य कार्यों की प्रगति की जानकारी व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति लंबित मामलों पर शीघ्रता से निपटाने के निर्देश दिए गए । प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने अध्यक्षता करते हुए स्नातक स्तर पर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के प्रमोशन की प्रक्रिया और डाटा अपडेट की ताजा स्थितियों की जानकारी ली.उन्होंने निर्देश दिए कि पी जी के नियमित विद्यार्थियों को कक्षा में उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया जाए और रिसर्च स्कॉलर्स को विभिन्न गतिविधियों में सम्मिलित किया जाए। उल्लेखनीय है प्राचार्य ने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 7 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में आवश्यक दिशा निर्देशों को बिंदुवार रखा और उन पर गंभीरता से अमल करने के सुझाव दिए।जिसमें डिजिटल बोर्ड के उपयोग, कक्षाओं के नियमित संचालन, कॉलेज चलो अभियान ,एक भारत श्रेष्ठ भारत में जागरूकता पैदा करने के लिए महाविद्यालय में सेल्फी प्वाइंट बनाने का प्रस्ताव, स्वयं पोर्टल पर विद्यार्थियों के पंजीयन और विभिन्न पाठ्यक्रमों को ज्वाइन करने के लिए प्रेरित करना मुख्य रहा । उन्होंने यह भी बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कक्षाओं की ऑनलाइन निगरानी संभागीय, जिला स्तरीय, और विभिन्न चरणों में की जानी है जिसका शेड्यूल जारी कर दिया है। साथ ही भोज विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए दूरस्थ शिक्षा के महत्व और प्रासंगिकता की जानकारी देने पर प्राध्यापकों को पहल करने के लिए कहा गया। डॉ कमल वाधवा, डॉ एस सी हर्ने, डॉ संजय चौधरी, डॉ बी एस आर्य, डॉ सविता गुप्ता, डॉ ममता गर्ग ,डॉ मीना कीर ने कार्य प्रगति पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किये। बैठक में डॉ अमिता जोशी, डॉ कमल चौबे,डॉ राजेश दीवान ,डॉ एन आर अडलक सहित समस्त वरिष्ठ, कनिष्ठ प्राध्यापक, अतिथि विद्वान सम्मिलित हुए।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा

# योजनाओं का लाभ प्राप्त कर मिलती है जीने की नई ताकत: प्रधानमंत्री

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद मुख्यमंत्री चौहान भी कार्यक्रम से जुड़े

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कुछ राज्यों के लाभार्थियों से संवाद किया। संवाद में उत्तराखंड, कश्मीर, बिहार और गुजरात के लाभार्थी शामिल थे। कार्यक्रम से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी भोपाल से वर्चुअली जुड़े।**




प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लाभार्थियों से संवाद के बाद अपने संबोधन में कहा कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हिंदुस्तान के कोने-कोने में बसे नागरिकों तक पहुंचा है। योजनाओं का लाभ मिलने से जीने की नई ताकत आ जाती है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में महिलाओं की भागीदारी पर ध्यान दिया गया है। गत 15 नवम्बर से प्रारंभ इस यात्रा का तीन-चार सप्ताह में देश भर में अच्छा स्वागत हुआ है। इस यात्रा का उद्देश्य ऐसे लोगों तक पहुंचना है, जो सरकार की योजनाओं से अब तक नहीं जुड़ सके। अब तक देश की चालीस हजार से अधिक ग्राम पंचायतों तक जोड़ने में सफलता मिल चुकी है। मोदी की गारंटी की गाड़ी तक लोग पहुंच रहे हैं। पंचायतों ने स्वागत समितियां भी बनाई हैं। उत्तर भारत के कारगिल से लेकर दक्षिण भारत के ग्रामों तक और अंडमान निकोबार तक यह गाड़ी पहुंची है। राज्यों में यात्रा के तहत हेल्थ चेकअप कैंप लगे हैं। इसी तरह फिट इंडिया का संदेश पहुंचाया जा रहा है। करीब दो करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने के लिए अभियान संचालित हो रहा है। बहनों को ड्रोन पायलट बनाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि निर्धन वर्ग के लोग और किसान आदि हमारे लिए वीआईपी से कम नहीं हैं। योजनाओं के लाभ से नागरिकों को लाभान्वित कर शत प्रतिशत सेचुरेशन के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

प्रारंभ में केंद्रीय सूचना प्रसारण सचिव ने स्वागत उदबोधन दिया। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी, जनजातीय गौरव दिवस 15 नवम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रारंभ होने एवं इसके बाद 30 नवम्बर को यात्रा से जुड़े थे। आज वे तीसरी बार संवाद कर रहे हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश में लगातार कार्य हो रहा है।

### मध्यप्रदेश में दो पंचायतों में पहुंचेगा एक वाहन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मुख्यमंत्री निवास से वीसी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पीएम श्री नरेंद्र मोदी के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रभारी मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल एवं अन्य अधिकारियों से मध्यप्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वरूप के संबंध में चर्चा की। बताया गया कि प्रदेश में दो पंचायतों तक एक वाहन पहुंचेगा। विभिन्न स्तरों की समितियां गठित हुई है और जिला, विकास खण्ड, ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय स्तर पर यात्रा से संबंधित गतिविधियां होंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अधिकारियों से प्रदेश में किसानों के लिए खाद की उपलब्धता और वितरण की जानकारी भी प्राप्त की।

# एड्स जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत गोद ग्राम डोंगरवाड़ा में प्रश्नावली द्वारा सर्वेक्षण




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

शासकीय गृह विज्ञान स्नाकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता पखवाड़ा अंतर्गत जागरूकता पखवाड़ा की श्रृंखला में 09 दिसंबर को गोद ग्राम ( डोंगरवाड़ा ) में प्रश्नावली द्वारा एड्स जागरूकता का अध्ययन किया गया। इसी अवसर पर रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हर्षा चचाने, डॉ. नीतू पवार, रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. कंचन ठाकुर ने ग्राम वासियों को एड्स की जानकारी देते हुए छात्रों के माध्यम से एड्स पर तैयार की गई प्रश्नावली के द्वारा ग्रामवासियों का सर्वेक्षण किया एवं ग्रामवासियों को स्वच्छता संबंधी समझाइश देते हुए डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया से बचाव की जानकारी प्रदान की तथा माध्यम से छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स जागरूकता एवं सफाई अभियान के साथ ही रैली एवं पंपलेट वितरण कर ग्राम वासियों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में डॉ प्रगति जोशी डॉ रफीक अली, अनिल रजक श्रीमती प्रीति मालवीय, श्रीमती अनीता त्रिपाठी, कु कृतिका परसाई एवं कु कनक सांकले का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में रा से. यो. की छात्राएं सुहानी किर, डोली पवार, प्रीति डोरिया, अंजलि पासी, सीमा खुशबू यादव आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# निष्क्रिय, अनियमित तथा बंद प्रकाशनों के घोषणा पत्र निरस्त करने के निर्देश

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक (आरएनआई), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जिले के निष्क्रिय, अनियमित तथा बंद प्रकाशनों के घोषणा पत्र निरस्त करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने जिले के ऐसे प्रकाशको जिनके समाचार पत्र /पत्रिकाओं का प्रकाशन आरएनआई द्वारा अनियमित, निष्क्रिय अथवा बंद पाया गया है, उन्हें प्रकाशन संबंधी जानकारी मय दस्तावेज जिला जनसंपर्क कार्यालय सीहोर में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

आरएनआई द्वारा प्रेषित सूची में शामिल समाचार पत्र पत्रिका यदि नियमित प्रकाशित हो रहे हैं तो वे समाचार पत्र/पत्रिका के विगत 5 वर्ष के प्रकाशन की जानकारी जिसमें नवीनतम घोषणा पत्र की सत्यापित प्रति, नियमितता प्रमाण पत्र की प्रति, समाचार पत्र/पत्रिका के प्रसार संख्या का प्रमाण पत्र, प्रकाशित अंकों की प्रतियां तथा वार्षिक ऑनलाइन ई-फिलिंग की प्रति एक सप्ताह के भीतर जिला जनसंपर्क कार्यालय सीहोर में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। आरएनआई द्वारा जिले के जिन निष्क्रिय, अनियमित तथा बंद समाचार पत्र, पत्रिकाओं के घोषणा पत्र निरस्त करने की कार्रवाई के लिए सूची प्रेषित की गई है, उनमें कटार बियदंथ, जनरल, अन्र्राक्ष, सीहोर दर्पण, स्वस्थ राजमंच, समय संचार टाईम्स, भारत का तीर, दबंग एक्सप्रेस, लड़ाई जारी है, जन चिंगारी, अविरल भक्ति सागर, तेज रफ?तार, सीहोर एक्सप्रेस, सीहोर समय, सिद्धपुर टाईम्स, सीहोर टूडे, नालेज इस्पेक्ट्रम, फारमर्स स्टोरी, शिक्षा संवाद, चेतक की गडगडाहट, आष्टा प्रेस क्लब दर्पण, फारमर्स एक्सन शामिल है।

# विश्वमृदा सप्ताह के अवसर पर मृदा स्वास्थ्य एवं संरक्षण की किसानो द्वारा ली गई शपथ

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

स्मार्ट कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व मृदा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन सीहोर जिले के ग्राम बरखेड़ा खरेट में स्थापित निको रोजेन अंतर्राष्ट्रीय पुनर्योजी उत्कृष्टता केंद्र पर महिला एवं पुरुष किसानो के साथ किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सॉलिडेरिडाड संस्था के महाप्रबंधक डॉ सुरेश मोटवानी द्वारा मानव जीवन में मृदा एवं जल का महत्व बता कर मृदा में जैविक कार्बन का विशेष महत्व बताया इस मौके पर कृषि विभाग से उपसंचालक कृषि श्री कमल पांडे द्वारा किसान को इस वर्ष की थीम का उद्देश्य बता कर मिट्टी में जीवित जीवांश एवं जैविक खेती के लाभ बताए तथा उप-संचालक कृषि श्रीमती मिनी चौकसे मेडम द्वारा किसानो को जैव विविधता के बारे में बताया गया व वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी श्री बी. एस.देवड़ा द्वारा विविध/ मिश्रित खेती के लाभ बता कर कृषि अंतर्गत सरकारी योजनाओ के बारे में किसानो को बताया गया तत्पश्चात् मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला प्रभारी कमल ठाकुर द्वारा किसानो क मिट्टी परीक्षण के लाभ बता कर नमूना लेने की विधि बताई गई व संतुलित खाद का प्रयोग करने की सिफारिश की गई इस अवसर पर एस.ए.डी.ओ. होदा खलील मेडम और कृषि विस्तार अधिकारी श्री गजेन्द्र मालवीय कृषि विभाग से उपस्थित रहे इसी लय में ग्रामीण सरपंचों का सम्मान कर इनके द्वारा मिट्टी स्वास्थ पर अपने विचार व्यक्त किए गए और संस्था से सीनियर कृषि विशेषज्ञ श्री अनिल खरे द्वारा किसानो किसान संगठन के बारे में बता कर यूजर फि मॉडल में सदस्यता के लाभ बता कर पुनर्योजीत खेती पर प्रश्नों उत्तरी कार्यक्रम संपन्न किया गया तथा रवि जायसवाल द्वारा मंच संचालन कर किसानो को पुनर्योजित खेती के सिद्धांतो के बारे में विस्तार से बताया गया निको सेंटर का उद्देश्य बताया गया।

**मेट्रो एंकर**

## वर्ष 2023 की अंतिम नेशनल लोक अदालत हुई संपन्न

# 27 खण्डपीठों ने निपटाए 1416 मामले

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष / प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायाधीश / सचिव के नेतृत्व में 09 दिसंबर 2023 को नेशनल लोक अदालत का अयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा जिला न्यायालय नर्मदापुरम सहित तहसील न्यायालयों इटारसी पिपरिया, सोहागपुर, सिवनी मालवा में किया गया।

नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

नेशनल लोक अदालत के उद्घाटन एवं शुभांरभ कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, विशेष न्यायाधीश, जिला न्यायाधीशगण, जिला न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रम न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिविल जज सीनियर डिवीजन, सिविल जज जूनियर डिवीजन, जिला विधिक सहायता अधिकारी, अध्यक्ष / सचिव जिला अभिभाषक संघ, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, जिला अभियोजन अधिकारी, जिला न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालयीन कर्मचारीगण, विद्युत विभाग एवं बैंकों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा पक्षकारगण उपस्थित रहे.

उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित कुल 607 प्रकरणों का निपटारा किया गया, साथ ही 809 विभिन्न विभागों से संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरण निपटाये गये। इसी के साथ न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में लगभग राशि रूपये 69916387/- के अवार्ड पारित किये गये, तथा विभागीय प्रकरणों में लगभग राशि रूपये 9919538/-रूपये की वसूली हुई। इस प्रकार कुल 1416 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं परिवार परामर्श केन्द्र के माध्यम से 07 प्रकरणों में आपसी समझौता कराया गया।

इस नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा, चैक बाउंस, शमनीय अपराध, वैवाहिक मामलें, विद्युत चोरी से संबंधित मामलों के साथ-साथ सिविल तथा राजस्व मामलें निपटारे के लिए रखे गये थे।जिला न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में कुल 607 प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा विभिन्न विभागों से संबंधित 809 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों में व्याप्त मतभेद आपसी सुलह एवं समझाईश के माध्यम से समाप्त हो गया है। नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के धन एवं समय दोनों की बचत होती है तथा उन्हें न्यायिक प्रकिया से भी छुटकारा मिल जाता है।







### ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ता विहीन सीसी डालने का काम किया जा रहा है

# कायाकल्प में बन रही सड़क में बिजली के खंबो को नहीं किया जा रहा शिफ्ट

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका परिषद के द्वारा कायाकल्प योजना के अंतर्गत लिंक रोड की सड़क का चौड़ीकरण करवाया जा रहा है। जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है इस वजह से भोपाल के ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ता विहीन सीसी डालने का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही और लापरवाही से अपने काम को अंजाम जा रहा है। इसके वजह से आम जनता को पिछले कई महीनो से मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। इस मार्ग पर यातायात का दबाव रहता है फिर भी नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी गुणवत्ता के साथ सड़क का निर्माण ठेकेदार से नहीं कर पा रहे हैं।



चौड़ीकरण का फायदा भी नहीं होता हुआ दिखाई दे रहा है बिजली के फूलों को शिफ्ट किया बागड़ी सीसी डाली जा रही है। जिस उद्देश्य को लेकर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर वासियों को सुविधा देने के लिए कायाकल्प योजना के अंतर्गत करोड रुपए की लागत से सड़क की मंजूरी को चौड़ा करने का कार्य करवाने के लिए भूमि पूजन किया था। वही इसका फायदा नगर वासियों और आसपास के व्यापारियों को भी नहीं मिलेगा क्योंकि नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारियां की अनदेखी और ठेकेदार की लापरवाही के कारण सड़क का चौड़ीकरण तो केवल खाना पूर्ति के लिए किया जा रहा है। दोनों तरफ जितने भी बिजली के पोल लगे हुए हैं उनको शिफ्ट किए बगैर ही नहीं सीसी डाली जा रही है ।

इस वजह से सड़क चौड़ी का लाभ नहीं मिलेगा जहां पर पहले से बिजली के पोल लगे हुए हैं वहीं पर खुदाई करके सीसी डालने का काम किया जा रहा है। जब तक बिजली के खम्बो को व्यवस्थित रूप से सड़क चौड़ीकरण से दूर नहीं किया जाएगा तब तक सड़क का चौड़ीकरण नहीं हो पाएगा अभी बिजली की पोल जहां खड़े हुए हैं वहीं पर सीसी डाल दी जा रही है फिर चौड़ीकरण का फायदा ही क्या दूसरी ओर बाद में यदि बिजली को पोलो को शिफ्ट किया गया तो करोड़ों की लागत से बनाई गई सीसी सड़क की खुदाई होगी तो सड़क गड्ढों में तब्दील हो जाएगी वैसे ही अभी सड़क का निर्माण बहुत ही निम्न स्तर से हो रहा है। इस वजह से आने वाले दिनों में सड़क गढ़ों में तब्दील हो जाएगी विधायक उमाकांत शर्मा ने पहले ही घटिया निर्माण को लेकर स्थानीय अधिकारियों से लेकर प्रदेश के अधिकारियों को घटिया सड़क बनाने को लेकर शिकायत की गई थी उस् समय अधिकारियों ने जांच पड़ताल की पर जैसे ही आचार संहिता का दौर प्रारंभ हुआ तो अधिकारियों ने ठेकेदार से सड़क बनाने के लिए बोला पिछले कई दिनों से तेज गति से सड़क बनाने का काम अपने हिसाब से ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। उसको भी डर सता रहा था की कहानी विधायक की नजर मेरे घटिया काम पर पड़ गई तो मुझे लाले पड़ जाएंगे।

वही नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू ने बताया कि सड़क का काम सही नहीं हो रहा है ठेकेदार को भुगतान हम तभी करेंगे जब गुणवत्ता की जांच करेंगे देखना है की गुणवत्ता की जांच होगी या फिर कागजों में ही जांच के नाम पर खाना पूर्ति करके ठेकेदार को भुगतान कर दिया जाएगा जो पहले भी हो चुका है। क्योंकि शहर में अधिकांश सड़कों का निर्माण ठेकेदारों के द्वारा अपने हिसाब से घटिया मटेरियल का उपयोग करके डाली जाती है। फिर चंद दिनों के बाद यह सड़क गढ़ों में तब्दील हो जाती हैं। जिस समय इनका निर्माण होता है उस समय संबंधित अधिकारियों के द्वारा किसी भी तरह की जांच पड़ताल नहीं की जाती है। बगैर जांच के ही सके बनकर तैयार हो जाती हैं।एक सड़क का निर्माण तो पिछले दिनों बगैर लेआउट के ही शहर में हो रहा था जिसकी पोल प्रदेश टुडे ने खोली। जिसकी भनक अधिकारियों को नहीं थी एसडीएम के निर्देश के बाद काम बंद हुआ। नगर में ऐसे कई निर्माण कार्य है जिनको ठेकेदार अपने हिसाब से कर देते हैं और बाद में यहा भुगतान भी करवा लेते हैं।

# बेनामी संपत्ति मिलने पर भाजपा ने किया प्रदर्शन

### कांग्रेस राज्यसभा सांसद का भाजपाइयों ने जलाया पुतला



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस के खिलाफ बड़ा मुद्दा मिल गया। जिसको भुनने का काम भाजपाइयों के द्वारा जोर-जोर से किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को राज्यसभा सांसद के 10 ठिकानों पर करोड़ों की संपत्ति मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवीन बस स्टैंड पर पुतला दहन करके कांग्रेस नेताओं के खिलाफ नारेबाजी की जिनमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी ,दिग्विजय सिंह ,कमलनाथ सहित अन्य नेताओं के खिलाफ नजीबाजी करके प्रदर्शन किया। रांची कांग्रेस से राज्यसभा सांसद धीरज साहू और उनके करीबियों से झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िसा के दस ठिकानों से आयकर विभाग द्वारा तीन सौ करोंड़ से ज्यादा की अवैध रकम मिलने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के नेताओं ने कांग्रेस नेता धीरज साहू पुतला फूंका पुतले पर चप्पल जूट बरसते बरसते हुए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री कहते थे कले धन वालों को छोड़ूंगा नहीं कांग्रेसियों ने काला धन जमा किया है जनता की मेहनत की कमाई को कांग्रेसी सत्तर साल से देश को लूटने वाले नेताओ ने यह अरबों खरबों की संपदा एकत्रित कर रखी है। ऐसे कांग्रेसी नेताओं की जानकारी एकत्रित कर केंद्र सरकार की एजेंसी छापामार कार्यवाही करके काला धन जप्त कर रहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को आत्मनिर्भर बनाने के साथ काला धन जमा करने वालों पर लगातार हंटर चलवा रहे हैं। भाजपा से सरकार जब से आई है तब से देश और प्रदेश का विकास तेजी से हो रहा है। देश का विश्व मे मनन सम्मान को बढ़ाने का काम कर रही है। इस दौरान ,हरिबाबू भार्गव,नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, कामराज पाटीदार, महामंत्री सुमंत मित्तल,हरिचरण अहिरवार,सचिन शर्मा,सीताराम कुशवाह, रिंकू सुमन आदि मौजूद थे।

**कांग्रेस नेताओं के खिलाफ नारेबाजी**

## पंचायत उप चुनाव के लिए आवेदन 22 तक मतदान 5 जनवरी को सुबह 7 बजे से

**विदिशा ।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतराज संस्थाओं में रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए चुनाव कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। 22 दिसम्बर तक नामांकन होगा एवं 5 जनवरी को मतदान कराया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार चुनाव की अधिसूचना का प्रकाशन 15 दिसम्बर को किया जाएगा। इसी दिन रिक्त पदों के आरक्षण की सूचना एवं मतदान केन्द्रों की भी सूची का प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन पत्र 22 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे तक दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 23 दिसम्बर को की जाएगी। उम्मीदवार 26 दिसम्बर को दोपहर बाद 3 बजे तक नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। नाम वापसी की समय सीमा पूरी होने के बाद उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव प्रतीक आवंटित किए जाएंगे। आवश्यक होने पर 5 जनवरी को सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों में मतदान होगा। पंच पदों के मतों की गणना मतदान समाप्ति के बाद मतदान केन्द्र में होगी। शेष सभी पदों के निर्वाचन की मतगणना 9 जनवरी को प्रातः 8 बजे से विकासखण्ड मुख्यालय में की जाएगी। मतों का सारणीकरण करके विकासखण्ड स्तर पर 9 जनवरी को सरपंच तथा जनपद सदस्य और 11 जनवरी को पंच तथा जिला पंचायत सदस्य पदों के चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी।

## युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर की आत्महत्या



**सिरोंज।** ग्राम मुगलसराय में युवक वसीम कुरैशी ने अपने घर पर अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम सिरोंज में शासकीय राजीव गांधी करने के बाद शब परिजनों को सौंप दिया फांसी के कारणों की जांच पुलिस के द्वारा की जा रही है ।दूसरी ओर इस ग्राम में पहले भी आत्महत्या के मामले सामने आ चुके हैं। इनकी वजह को जानने के लिए पुलिस के द्वारा काम करना होगा जानकारी के अनुसार ग्राम में जुआ सट्टे का कारोबार भी जोर से चल रहा है। युवक फांसी लगाकर आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठा रहे हैं इसके लिए भी लोगों को और परिवार जनों को ध्यान देना होगा।

## सीएम को दी बधाई



सिरोंज। आज सीएम हाउस पहुंचकर माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत से जीत के उपलक्ष में शुभकामनाएं दी साथ में पथरिया मंडल के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के साथ में राजेश प्रभाकर मंडल महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र विश्वकर्मा शाह मीडिया प्रभारी संजीव कुशवाह एवं सुरेंद्र कुशवाह।

**मेट्रो एंकर** लोक अदालत का शुभांरभ महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया

# नेशनल लोक अदालत में 4795 प्रकरणों में हुआ आपसी सुलह से निराकरण



**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जाकिर हुसैन ने आज प्रातः जिला न्यायालय परिसर में आयोजित लोक अदालत का शुभांरभ महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। जिला न्यायालय विदिशा के साथ-साथ तहसील न्यायालय गंजबासौदा, सिरोंज, कुरवाई और लटेरी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया था।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित समस्त समझौता योग्य सिविल एवं आपराधिक प्रकरण, बैंकों के ऋण वसूली प्रकरण, बीएसएनएल, संपत्तिकर एवं जलकर के प्रीलिटीगेशन प्रकरणों के निराकरण हेतु कुल 28 खण्ड पीठो का गठन किया गया था इन खण्ड पीठो में कुल 4795 प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह से हुआ है जिसमें न्यायालयीन प्रकरण 638 तथा प्रीलिटिगेशन 4156 प्रकरण शामिल है।

जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा मसूद एहमद खान ने बताया कि लोक अदालत ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा समझौता योग्य किसी भी मामले का निराकरण पूर्ण रूप से हो जाता है। यदि किसी प्रकरण का लोक अदालत के माध्यम से समझौते द्वारा निराकरण किया जाता है तब उसकी अपील नहीं होती है साथ ही न्याय शुल्क भी नियमानुसार वापिस हो जाता है, जिससे पक्षकारों के मध्य वैमनस्य समाप्त होकर सदा के लिये विवाद का अंत होता है।




# मजबूती की उम्र में हो रहे बीमार, युवा अपनी आदतों में लाएं सुधार

*विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि गलत खानपान और आदतों के चलते युवाओं में क्रॉनिक बीमारियां बढ़ी हैं। इनमें हार्ट डिजीज, ब्रेन स्ट्रोक, हाइ बीपी, कैंसर और जोड़ों की समस्या आदि हैं। ये समस्याएं कम उम्र में होने लगी हैं। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 61 फीसदी मृत्यु गैर संक्रामक बीमारियों के कारण हो रही हैं। यूरोपियन सोसायटी ऑफ कार्डियोलॉजी के अनुसार युवाओं में ज्यादा अल्कोहल-स्मोकिंग की आदत से हार्ट अटैक व ब्लॉकेज, ब्रेन स्ट्रोक, मोटापा, हाई बीपी और डायबिटीज की समस्या बढ़ रही है। स्मोकिंग के चलते सामान्य लोगों की तुलना में तीन गुना अधिक कैंसर का खतरा रहता है। युवाओं में मोटापा अधिकतर बीमारियों की वजह बन रहा है।*

### मेटाबॉलिज्म घटने से बढ़ रही बीमारियां

*खराब खानपान और आदतों के चलते मेटाबॉलिक स्तर घटता है। इससे मोटापा बढ़ता है। दो दशक पहले तक क्रॉनिक बीमारियों का खतरा 40 वर्ष के बाद होता था। लेकिन अब 20-25 वर्ष की उम्र में हो रहा है। इसकी वजह व्यायाम न करना, ज्यादा जंक फूड खाना आदि भी है। आज के युवाओं पर तीन तरह के तनाव हावी हैं। पहला, पढ़ाई का तनाव और दूसरा जॉब का। इनका असर मेंटल हैल्थ पर पड़ता है। हार्मोनल बैलेंस बिगड़ता है। तीसरा तनाव शारीरिक होता है। लंबे समय तक सीटिंग जॉब, खासकर कम्प्यूटर पर काम करने से भी शरीर का मेटाबॉलिज्म का स्तर बिगड़ता है।*

### मोटापे हो नियंत्रित

अपने देश में करीब 20 फीसदी युवा अधिक वजनी है। इसके बाद भी वे अपनी आदतों में सकारात्मक बदलाव नहीं करते हैं। अकेले मोटापे से 12 से अधिक गंभीर बीमारियों का खतरा कई गुना तक बढ़ता है। इनमें पेट, आंत, कई तरह के कैंसर, अस्थमा, हड्डियों की समस्या, यूरिनरी स्ट्रेस कॉन्टिनेंट्स, सांस फूलने, बांझपन आदि गंभीर समस्याएं भी हैं। हाल के कई अध्ययनों से पता चला है कि युवाओं की मेमोरी पर भी काफी असर पड़ रहा है। भूलने की दिक्कत बढ़ रही है।



### लक्षणों की अनदेखी से भी दिक्कत

युवाओं में लक्षणों की अनदेखी से भी दिक्कत बढ़ जाती है। इसकी वजह उनमें सेहत को लेकर जागरूकता की कमी है। कोई बीमारी होने या शुरुआती लक्षण दिखने पर उसकी अनदेखी करते हैं। डॉक्टर को देरी से दिखाने के बाद कई बार छोटी बीमारी भी उनमें गंभीर हो जाती है।

### ये तीन चीजें कम खाएं

जंक-फास्ट फूड और सॉफ्ट ड्रिंक्स में तीन चीजें फैट, सफेद नमक और चीनी ज्यादा होता है। इनको अधिक खाने से क्रॉनिक बीमारियां बढ़ती हैं। इनको कम से कम आहार में शामिल करें। डाइट के तरीके में बदलाव कर इनकी मात्रा को कम किया जा सकता है।

### कलर वाले फूड से कैंसर!

बाजार में अधिक फूड को ज्यादा आकर्षक बनाने के लिए नॉन इडेबिल कलर मिला देते हैं। इनसे कैंसर का खतरा बढ़ता है। इससे बचने का सबसे अच्छा तरीका है कि बाहर का खाना खाने से बचें। कोशिश करें कि बाहर जाएं तो घर से टिफिन ले जाएं। कम उम्र में बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी है कि बचपन से ही हैल्दी आदतें अपनाएं। बच्चों को भी हैल्दी हैबिट्स सिखाएं। पोषकता से भरपूर आहार लें, नियमित व्यायाम करें।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## 'ब्रह्मास्त्र 2' में देव का रोल निभाएंगे रणवीर सिंह, बनेंगे 'शिवा' रणबीर कपूर के पिता



रणबीर कपूर और आलिया भट्ट स्टारर 'ब्रह्मास्त्र- भाग एक 'शिवा' साल 2022 में रिलीज हुई थी. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी. वहीं इस फिल्म की रिलीज़ के बाद से फैंस इसके सीक्वल का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इसी बीच कई बार ऐसे रूमर्स फैलें कि अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र के पार्ट 2 में देव की भूमिका रणवीर सिंह निभाएंगें. वहीं कुछ मीडिया रिपोर्टों में कयास लगाए गए कि ऋतिक रोशन या कन्नड़ एक्टर यश इस रोल को निभा सकते हैं. हालांकि ऑफिशियली किसी के भी नाम को कंफर्म नहीं किया गया था. लेकिन अब एक रिपोर्ट के मुताबिक रणवीर सिंह ने ब्रह्मास्त्र के पार्ट 2 में देव के किरदार के लिए हां कर दी है.

### दूसरे पार्ट की स्क्रिप्टिंग पर हो रहा काम, फिल्म शूटिंग 2025 में शुरू होगी

सूत्र से जानकारी मिली है कि, रणवीर सिंह को ब्रह्मास्त्र 2 में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए चुना है और वह भूमिका रणबीर कपूर के पिता देव की है. उन्हें न सिर्फ रोल के लिए फाइनल कर लिया गया है बल्कि उन्होंने साइन भी कर दिए हैं. दूसरे पार्ट की स्क्रिप्टिंग अभी भी प्रोग्रेस में है और फिल्म 2025 में शुरू होने की उम्मीद है. फिलहाल, अयान मुखर्जी 'वॉर 2' में बिजी हैं और रणवीर भी इस साल 'बैजू बावरा' की शूटिंग शुरू करेंगे. इसलिए, ब्रह्मास्त्र 2 कब फ्लोर पर आएगी यह अभी भी क्लियर नहीं है. रिपोर्ट के मुताबिक सोर्स ने ये भी कहा, अगर सब कुछ ठीक रहा, तो रणवीर 2024 के मिड में संजय लीला भंसाली की बैजू बावरा की शुरुआत करेंगे. वहीं पहले ये कहा था कि 'ब्रह्मास्त्र 2' की शूटिंग 2025 की शुरुआत में शुरू होगी, अब कहा जा रहा है कि डॉन 3 लगभग उसी समय फ्लोर पर जाएगी. ऐसे में रणवीर पहले 'डॉन 3' और फिर 'ब्रह्मास्त्र 2' की शूटिंग करेंगे. ब्रह्मास्त्र की बात करें तो ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपर-डुपर हिट रही थी।

## आनंदी के किरदार में ढलने के लिए मुझे तकरीबन तीन महीने लग गए थे: तोरल



बालिका वधू की पूरी स्टार कास्ट और कहानी हमारे दिलों में घर कर गई। स्टारकास्ट में तोरल रासपुत्रा भी थीं जिन्होंने साल 2013 में आनंदी के किरदार के लिए प्रत्युषा बनर्जी को रिप्लेस किया था। तोरल की मानें तो ये रिप्लेसमेंट आसान नहीं था। तोरल ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि बालिका वधु उनके करियर में टर्निंग पॉइंट था। बातचीत के दौरान उन्होंने, प्रत्युषा से जुड़ी कुछ बातें भी शेयर कीं। बता दें, इन दिनों तोरल शो डोरी में बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आ रही हैं। बालिकावधू मेरे करियर में टर्निंग पॉइंट था। इससे पहले मैंने कई शोज किए थे लेकिन जो एक्सपोजर मुझे बालिका वधू ने दिया था, वो किसी शो से नहीं मिला। आज भी जब लोग मुझसे मिलते हैं, तो वे आनंदी कहकर ही पुकारते हैं। आनंदी के किरदार के लिए प्रत्युषा बनर्जी को रिप्लेस करना आसान नहीं था। हर तरफ से मुझे बहुत ज्यादा स्ट्रेस और प्रेशर था। ऐसा लग रहा था मानो मेरे कंधे पर बन्दूक रख दी गई हो। देखिये, उस वक्त प्रत्युषा बहुत पॉपुलर हो चुकी थीं और उसको लोग बहुत पसंद करते थे। शो के लीप के बाद, जब प्रत्युषा ने अविका गौर को टेकओवर किया था तब वो उतना ही लोगों को पसंद आईं जितना अविका को लोग पसंद करते थे। ऐसे किरदार को निभाना आसान नहीं होता। शुरुआत में तो मुझे पता भी नहीं था कि मेकर्स मुझे आनंदी के किरदार के लिए ऑडिशन करवा रहे हैं। फाइनल होने के बाद, मैं शो के लेखक, डायरेक्टर के साथ ज्यादा से ज्यादा वक्त बिताने लगी। सिवाय मेरे, पेक-अप के बाद सभी एक्टर्स अपने घर निकल जाते थे। आनंदी के किरदार में ढलने के लिए मुझे तकरीबन 3 महीने लग गए थे।

## कई बार एक्टिंग छोड़ने का सोचती हूं: नीना गुप्ता



अनुभवी एक्ट्रेस नीना गुप्ता की फिल्म 'मस्त में रहने का' डिजिटल प्लेटफार्म पर रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में उनके साथ जैकी श्रॉफ बतौर लीड नजर आ रहे हैं। बता दें, फिल्म की कहानी दो अलग-अलग इंसानों के जीवन जीने के अलग-अलग दृष्टिकोण के इर्द-गिर्द है। नीना गुप्ता की मानें तो रियल लाइफ में 'मस्त में रहने का' का मतलब उनकी फिल्म से काफी अलग है। एक दौर था जब मेरे पास काम नहीं था, मेरे लिए अभी के मुकाबले उस वक्त मस्त में रहना आसान था। उस वक्त मेरे पास एम्बिशन था, काम मिलने के प्रति पैशन था। सामने वालों को अट्रैक्ट करने के लिए मैं खुद पर काफी मेहनत करती थी। उम्मीद होती थी कि कभी न कभी काम मिलेगा। उस वक्त मैं अपने करियर को संभालने के लिए इतना सब कुछ करती थी कि डिप्रेशन का वक्त ही नहीं था। कई बार एक्टिंग फील्ड छोड़ने का सोचती लेकिन इस सोच के बावजूद टिकी रही। लेकिन अब इस उम्र में चीजें आसान नहीं। सच कहुं तो हकीकत में उम्र के इस पढ़ाव में मस्त रहना बहुत मुश्किल होता हैं। ऐसा नहीं है कि मुझे लोग पसंद नहीं लेकिन मुझे सोशली एक्टिव रहना पसंद नहीं। जैसे, मैं कपड़े खरीदती हूं लेकिन वो यूं ही रखे रहते हैं। मैं अपना पर्सनल स्टाइलिस्ट नहीं रखती क्योंकि मेरे पास इतने कपड़े हैं कि मैं अपनी स्टाइलिंग खुद ही करती हूं।

## दिव्येंदु ने कहा- मैं जिंदगी में बाइपोलर हूं



दिव्येंदु शर्मा ने वेब सीरीज 'मिर्जापुर' में मुन्ना भैया का किरदार निभाया था और फिल्म 'प्यार का पंचनामा' में लिक्विड का किरदार निभाया था। ऐसे में कौन-सा किरदार निभाना ज्यादा मुश्किल था। इस पर दिव्येंदु ने हंसते हुए कहा- मैं जिंदगी में बाइपोलर हूं। एक एक्टर होने के नाते आपको बाइपोलर होना पड़ता है। मुझे दोनों किरदार निभाने में बहुत मजा आया। दोनों किरदारों की चुनौतियां अलग थीं, दोनों के रंग और खुशबू भी अलग थे।
**बाबिल ने कहा- बाबा ने एक्टिंग के बारे में कभी बात नहीं की:** इरफान खान ने बेटे बाबिल खान से उनके पिता के बारे में पूछा गया। बाबिल ने बताया कि उनके पिता ने कभी एक्टिंग के बारे में बात नहीं की। यही उनकी खासियत थी कि वे अपने अंदर भी कभी एक्टिंग के बारे में नहीं सोचते थे। वे जिंदगी जीते थे और पूरी कोशिश करते थे कि वही जीवन पर्दे पर लेकर आएं।
**के के मेनन जिंदगी के डाउनफॉल को नहीं मानते हैं:** द रेलवे मेन की कास्ट से पूछा गया कि वे खुद को मोटिवेट कैसे करते हैं? इस पर दिव्येंदु ने कहा कि वे जब भी परेशान होते हैं, ट्रैवल करते हैं। कहीं आस-पास जाने से माइंड शांत हो जाता है। वहीं के के मेनन ने बताया कि जिंदगी में डाउनफॉल सिर्फ मानसिक होता है असल में नहीं। अगर आप इन चीजों पर मानसिक नियंत्रण पा लेंगे, तो कोई भी डाउनफॉल नहीं होगा। आगे उन्होंने अपने एक पुराने टीचर का किस्सा बताते हुए कहा कि वे हमेशा कहते थे- जब भी तुम्हें कोई परेशानी हो तब मुझे फोन करना।

### डरबन के किंग्समीड स्टेडियम में होगा सीरीज का पहला मुकाबला

# इंडिया-साउथ अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज की शुरुआत आज से

**डरबन, एजेंसी**

**भारत का साउथ अफ्रीका दौरा आज से शुरू होने जा रहा है। 3 मैचों की टी-20 सीरीज से इसकी शुरुआत होगी। आज डरबन के किंग्समीड स्टेडियम में सीरीज का पहला टी-20 खेला जाएगा। मुकाबले का टॉस शाम 7 बजे होगा।**



यहां मेजबान टीम भारत को एक भी टी-20 में नहीं हरा पाई है। टीम ने डरबन के दोनों मैदानों पर 2 मैच खेले हैं और दोनों ही जीते हैं। इससे पहले, भारत ने 2018 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में 2-1 से जीत हासिल की थी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक टी-20 फॉर्मेट में कुल 8 सीरीज खेली गई हैं। इनमें चार भारत जीता और 2 में साउथ अफ्रीका को जीत मिली। 2 सीरीज ड्रॉ भी रहीं। दोनों टीमों के बीच कुल 24 टी-20 मैच खेले गए। 13 में भारत और 10 में साउथ अफ्रीका को जीत मिली। जबकि 1 मैच बेनतीजा रहा।

### हेंड्रिक्स ने साउथ अफीका के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए

साउथ अफीका की कमान ऐडन मार्करम संभालते हुए नजर आएंगे। साउथ अफीका के लिए इस साल टी-20 में टॉप रन स्कोरर रीजा हेंड्रिक्स हैं। उन्होंने 6 मैचों में 273 रन बनाए हैं। इनमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। दूसरे नंबर पर मार्करम हैं। उन्होंने 6 मैचों में 184 रन बनाए हैं। बॉलिंग में 23 साल के मार्को यानसन टॉप परफॉर्मर हैं। दूसरे नंबर पर लिजाड विलियम्स हैं। दोनों ने 4-4 विकेट लिए हैं। वहीं डरबन में रविवार को मौसम साफ नहीं रहेगा। बदल छाए रहेंगे। बारिश की आशंका 55% है। इस दौरान हवा की रफ्तार 15 किमी प्रति घंटा रहेगी। तापमान 20 से 22 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है।

### सूर्या भारत के टॉप रन स्कोरर

सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। सूर्या ने ही साल 2023 में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उनके नाम 16 मैचों में 577 रन हैं। दूसरे नंबर पर ऋतुराज गायकवाड हैं। उन्होंने 13 मैचों में 370 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने सबसे ज्यादा 25 विकेट लिए हैं।

### एनगिडी सीरीज से बाहर

साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोट की वजह से टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को इसकी जानकारी दी थी। एनगिडी की जगह तेज गेंदबाज ब्यूरन हेंड्रिक्स को स्क्वॉड में शामिल किया गया।

### गेंदबाजों को किंग्समीड की पिच पर मिलती है ज्यादा मदद, यहां पर बाउंस अधिक

किंग्समीड की पिच पर गेंदबाजों को ज्यादा मदद मिलती है। इस पिच पर बाउंस ज्यादा है, जिसके चलते गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है। ऐसे में बल्लेबाजों के लिए भी रन बनाने का मौका रहेगा। पिच पर भारत और साउथ अफ्रीका के बीच हाई स्कोरिंग मैच देखने को मिल सकता है। यहां कुल 18 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले गए। पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 9 और बाद में बैटिंग करने वाली टीम ने 8 मैच जीते हैं। एक मैच नो-रिजल्ट रहा। इस मैदान का हाईएस्ट स्कोर 226 रन है, जो ऑस्ट्रेलिया ने इसी साल अगस्त में साउथ अफ्रीका के खिलाफ बनाया था। लोवेस्ट टीम स्कोर 73 है, जो केन्या ने 2007 में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। इस मैदान पर भारत और साउथ अफ्रीका दूसरी बार टी-20 में आमने-सामने होंगे। इससे पहले, 2007 में जब दोनों आमने-सामने हुए थे तो भारत को 37 रन से जीत मिली थी।

## न्यूजीलैंड जीता, बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज 1-1 से ड्रॉ

**ढाका, एजेंसी**

न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट में 4 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ सीरीज 1-1 से ड्रॉ हो गई। पहले मैच में बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड को 150 रन से हराया था। यह बांग्लादेश के टेस्ट इतिहास में घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली जीत थी। ढाका में शनिवार को दूसरे मैच के चौथे दिन बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 38/2 के स्कोर के आगे खेलना शुरू किया। टीम 144 रन पर ऑलआउट हो गई और न्यूजीलैंड को 137 रन का टारगेट मिला।

न्यूजीलैंड ने इस लक्ष्य को छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच ग्लेन फिलिप्स और प्लेयर ऑफ द सीरीज तैजुल इस्लाम को चुना गया।

## साउथ अफ्रीका में 10 जनवरी से टी-20 लीग शुरू होगी

**मैसूर, एजेंसी**

एबी डिविलियर्स ने कहा कि साउथ अफ्रीका टी-20 लीग में जल्द ही इंडियन प्लेयर्स भी खेलेंगे। भारतीय खिलाड़ियों के जुड़ने से फैंस भी आएंगे और लीग फेमस भी होगी। भारत दौरा खत्म होने के बाद साउथ अफ्रीका में 10 जनवरी से टी-20 लीग शुरू होगी। एबी डीविलियर्स टी 20 के ब्रांड एम्बेस्डर हैं। एबी ने बताया कि इंडियन प्लेयर्स को टी 20 में शामिल किए जाने की कोशिश लगातार की जा रही है। साउथ अफ्रीका में इंडियन प्लेयर्स को भी बहुत पसंद किया जाता है। हम अभी तक किसी को भी शामिल नहीं कर पाए हैं लेकिन मुझे यकीन है कि जल्द ही लीग में इंडियन प्लेयर्स भी शामिल होंगे। हम तो इंडियन प्लेयर्स को टूर्नामेंट में देखकर बेहद खुश होंगे।

**मेट्रो एंकर** | डब्ल्यूपीएल नीलामी में 30 खिलाड़ी बिकीं, इनमें 9 विदेशी व 21 भारतीय

# भारत की काशवी ने सभी को चौंकाया, ऑक्शन में रहीं सबसे महंगी खिलाड़ी

**मुंबई, एजेंसी**

विमेंस प्रीमियर लीग के सीजन-2 के लिए मुंबई में ऑक्शन हुआ। करीब साढ़े तीन घंटे चली नीलामी में 30 खिलाड़ी बिकीं, जिनमें 9 विदेशी और 21 भारतीय प्लेयर्स शामिल रहीं। भारत की अनकैप्ड प्लेयर काशवी गौतम ने सभी को चौंकाया, वे ऑक्शन में सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। जबकि वेस्टइंडीज की लिजेंडरी प्लेयर डिएंड्रा डोटिन और इस साल बिग बैश लीग में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं चमारी अटापट्टू अनसोल्ड चली गईं। स्कॉटलैंड की कप्तान कैथरीन ब्रायस को भी खरीदार मिल गया।

### वृंदा दिनेश : 1.30 करोड़

कर्नाटक से डोमेस्टिक क्रिकेट खेलने वाली वृंदा दिनेश इस साल ऑक्शन में एक करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली पहली अनकैप्ड प्लेयर बनी। उन्हें यूपी वॉरियर्ज ने 1.3 करोड़ रुपए में टीम में शामिल किया। 22 साल की वृंदा इंडिया-ए टीम की हिस्सा हैं, बैटिंग में पावर हिटिंग उनकी नैचरल एबिलिटी है। इस साल जून में वृंदा को हांगकांग में आयोजित एशिया कप के स्क्वाड में शामिल किया गया था। यहां उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 29 बॉल में 36 रन की पारी खेली व भारत की जीत में अहम रोल निभाया। वृंदा की शानदार परफॉर्मेंस के साथ ही उनकी एंट्री का सबसे बड़ा कारण ट्रायल्स रहे। पहले सीजन के बाद डब्ल्यूपीएल टीमों ने ऑफ सीजन में ट्रायल्स में वृंदा भी शामिल हुई थी।



### चमारी अटापट्टू : अनसोल्ड

श्रीलंका की चमारी अटापट्टू को लगातार दूसरी बार डब्ल्यूपीएल ऑक्शन में कोई खरीदार नहीं मिला। 2023 में इंटरनेशनल क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन अटापट्टू की दावेदारी मजबूत कर रहीं थी। अटापट्टू ने न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रीलंका की पहली वनडे सीरीज जीत में दो नाबाद शतक लगाए। वहीं, न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 में 47 गेंदों में नाबाद 80 रन बना कर अपनी टीम को पहली जीत दिलाई।

### कैथरिन ब्रायस : 10 लाख

कैथरिन ब्रायस डब्ल्यूपीएल इतिहास में एसोसिएट नेशन से खेलने वाली दूसरी खिलाड़ी होंगी। इससे पहले अमेरिका की तारा नॉरिस पहले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स से खेली थीं। स्कॉटलैंड की ब्रायस को गुजरात जायंट्स ने बेस प्राइस 10 लाख रुपए में खरीदा। ब्रायस ऑलराउंडर हैं, और इंटरनेशनल क्रिकेट में उनका ट्रैक रिकॉर्ड भी शानदार हैं। इस कारण गुजरात ने उनपर दांव लगाया।

# इंस्टाग्राम पर महिला की फर्जी आइडी बना कर अश्लील फोटो और कमेंट्स किए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

तलैया पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अश्लील कमेंट्स करने और आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर उसकी फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो और अश्लील कमेंट्स किए है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी का पता लगाने सायबर क्राइम पुलिस की मदद ले रही है। पुलिस के अनुसार 24 साल की महिला तलैया इलाके में रहती है। उसने पुलिस को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि किसी अज्ञात आरोपी ने उसके नाम की इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बना ली है। उस आईडी पर आरोपी अश्लील फोटो और कमेंट्स कर रहा है। घटना फरवरी 2023 से अब तक की है। लगातार फोटो और अश्लील कमेंट्स करने के कारण पीड़िता ने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था।



## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांनाबाद इलाके में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। आरोपी के खिलाफ बलवार, मारपीट, चाकूबाजी समेत आधा दर्जन अपराध पहले से दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक अभिषेक शर्मा (27) कृष्णा नगर कालोनी पीपल चौराहा निशातपुरा में रहते हैं और हिंदू संगठन से जुड़े हैं। बुधवार को उन्होंने शाहजहांनाबाद थाने पहुंचकर इस मामले की शिकायत की थी। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर एक वीडियो मिला, जिसमें एक युवक बजरंग दल, शिवसेना और आरएसएस समेत अन्य हिंदू संगठनों को गाली-गलौज करते हुए साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़का रहा है। वीडियो बनाने वाला युवक खुद को शाहजहांनाबाद का रहने वाला बता रहा था। अभिषेक ने जब अन्य लोगों से बातचीत की तो पता चला कि उनके पास इस प्रकार का वीडियो पहुंचा है, जिससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। पुलिस ने अभिषेक की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को भड़काने का मामला दर्ज किया था। वीडियो में दिखाई देने वाले युवक की पहचान के बाद पुलिस ने आरोपी नफीस खान उर्फ मोटा उर्फ कबूतर (30) निवासी मजदूर नगर शाहजहांनाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### बालाघाट से भोपाल बहन के घर आया था मृतक, दोस्त ने दी थी झूठे केस में फंसाने की धमकी

# दोस्त से प्रताड़ित होकर तालाब में लगाई छलांग, आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित बड़े तालाब में गत 28-29 अक्टूबर की रात तालाब में कूदकर जान देने वाले मिथलेष के दोस्त आदर्श पर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। दरअसल, 29 अक्टूबर की रात पुलिस ने लाश तालाब से बरामद की थी। इसके अलगे ही दिन पुलिस को पता चला कि मृतक ने अपने दोस्तों को एक सुसाइड नोट वाट्सएप ग्रुप पर भेजा था। उसमें मृतक ने आत्महत्या के लिए कोलार निवासी आदर्श को जिम्मेदार बताया था। पुलिस ने सुसाइड नोट बरामद के आधार पर जांच की तो पता चला कि आदर्श मृतक को एक झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहा था।**



फाइल फोटो

एसआई अबुबकर सिद्धिकी ने बताया कि मिथलेश कुमार पिता भुवनेश किशोर (33) मूलत- लांजी जिला बालाघाट का था। उसकी बहन कोहेफिजा स्थित दाता कालोनी में रहती है। मिथलेश अपनी बहन के घर आया था। वहां उसने मां को छोड़ा और कोलार में रहने वाले दोस्त आदर्श के फ्लैट पर चला गया। करीब एक सप्ताह वह उसके साथ ही रहा। आदर्श और मिथलेष ने एक अन्य दोस्त आकाश से उसकी कार ली थी। उक्त कार आदर्श लौटा नहीं रहा था। आकाश ने मिथलेस से कार दिलाने का कहा और मिथलेष ने आदर्श से कहा कि आकाश की कार लौटा दो। इस पर आरोपी आदर्श कहने लगा कि मेरे पास तेरा एक वीडियो है और उस वीडियो में तू लड़की के साथ आपत्तिजनक स्थिती में है। मैं जो कह रहा हूं वह सुन नहीं तो तुझे झूठे केस में फंसा दूंगा। मिथलेश को डर सताने लगा था कि उसे कार चोरी के मामले में फंसना पड़ेगा और आदर्श उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी अलग दे रहा था। इसी से प्रताड़ित होकर उसने तालाब में कूदकर जान दे दी।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित बागमुगलिया एक्सटेंशन में शनिवार शाम एक महिला ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर एम्स लेकर पहुंचे थे। एम्स में डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। एम्स से सूचना बागसेवनिया पुलिस को दी गई थी। अस्पताल पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मर्ग डायरी कटारा हिल्स पुलिस को सौंप दी है। रविवार को कटारा हिल्स पुलिस मृतिका का पीएम कराने के बाद बयान दर्ज करेगी। पुलिस के अनुसार सविता गोस्वामी पति राम विलास गोस्वामी (35) एचआईजी, बागमुगलिया एक्सटेंशन में रहती थी। शनिवार शाम उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। पति उसे फंदे से उतारकर एम्स लेकर पहुंचा था। वहां पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। प्राथमिक जांच में यह पता चला कि सविता ने सिलिंग फेन पर फांसी लगाई है। हालांकि फांसी लगाने के कारण पुलिस पता नहीं लगा सकी है।

# सरकारी काम में बाधा डाली, आरोपी को 6 माह की जेल



### अवैध विद्युत कनेक्शन काटने पहुंचे कर्मचारियों से की थी झूमाझटकी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

सरकारी काम में बाधा डालने वाले आरोपी अब्दुल हसन को 6 माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही न्यायालय ने आरोपी पर 500 रूपए का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मृदुल लटौरिया की अदालत ने सुनाया है। लोक अभियोजक के अनुसार, टीटी नगर थाने में दर्ज प्रकरण में न्यायालय ने आरोपी अब्दुल हसन को उक्त सजा सुनाई है। घटना 4 दिसंबर 2015 की है। फरियादी रमाशंकर ने थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने साथियों के साथ लगभग 09:30 बजे सुलभ कॉम्प्लेक्स बाणगंगा में अवैध रूप से लाइन डालकर विद्युत कनेक्शन को काटने के लिए गया था। अवैध लाइनों को काटने के दौरान सुलभ काम्प्लेक्स बाणगंगा के नीचे की गली के रहवासी आरोपी अब्दुल हसन कर्मचारियों को लाइन काटने के दौरान अपशब्द कहने लगा और लाइन इंस्पेक्टर के साथ झूमाझटकी करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## रात को खाना खाकर सोए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### जहांगीराबाद पुलिस कर रही मामले की जांच

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित अहीरपुरा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रात में वह खाना खाकर सोया था, लेकिन सुबह वह मृत अवस्था में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरादम कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार विनोद त्रिपाठी पित रामकिशोर त्रिपाठी (40) मकान नंबर 53, अहीरपुरा जहांगीराबाद में रहता था और बंसल वन मॉल में कुक का काम करता था। उसके परिवार में पत्नी और बेटी है। पत्नी का मायका गेहूंखेड़ा कोलार में है। वह मायके गई हुई थी। शुक्रवार रात वह घर में बेटी के साथ था। रात में बेटी और विनोद ने खाना खाया और सो गए। शनिवार सुबह विनोद की नींद नहीं खुली और बेटी ने उसे उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह बेसुध हो गया था। बेटी ने डायल 100 को कॉल कर घटना की जानकारी दी। डायल 100 की टीम ने एंबुलेंस को कॉल किया था। एंबुलेंस की टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा तो विनोद की मौत् हो चुकी थी। बेटी ने बताया कि पिता की एक दो दिन से तबीयत बिगड़ी हुई थी। शुक्रवार रात उन्हें बहुत ज्यादा खांसी भी आ रही थी।



## अज्ञात बाइक सवार ने मारी मासूम को टक्कर, पैर फैक्चर




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित एफ सेक्टर में अज्ञात बाइक चालक ने आठ साल के मासूम को टक्कर मार दी। इस हादसे में मासूम को पैर में गंभीर चोट आई है। उसका निजी अस्साल में इलाज चल रहा है। घटना तीन दिन पुरानी बताई जा रही है। पिता का कहना है वे बेटे के इलाज में व्यस्थ्त थे और शिकायत दर्ज कराने थाने नहीं पहुंच सके। पुलिस के अनुसार आकाश पांडे ईडब्ल्यूएस 325 एफ सेक्टर अयोध्यानगर में रहते हैं। 06 दिसंबर की दोपहर करीब साढे 12 बजे उनका 8 साल का बेटा दर्ष पांडे उनकी दुकान की बगल में महावीर किराना से सामन लेकर आ रहा था। इस दौरान अज्ञात बाइक के चालक ने काफी तेजी व लापरवाही पूर्वक बाइक चलाकर दर्ष को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गया था। घटना की जानकारी लगते ही परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां पता चला कि पैर में फैक्चर है।

## एक हजार रुपए की अड़ीबाजी, रुपए नहीं देने पर पीट दिया

### पुराने शहर में हर दिन बढ़ रहे अड़ीबाजी के मामले

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पुराने शहर में अड़ीबाजों की संख्या दिन ब दिन बढ़ते जा रही है। यहां आए दिन अड़ीबाज अड़ीबाजी करते हुए मारपीट और चाकूबाजी कर रहे हैं। अड़ीबाजी का मामला सुबह शाहजहांनाबाद स्थित तीन मोहरा पर सामने आया। यहां सवारी छोड़कर आ रहे आटो चालक से परिचित आटो चालक ने एक हजार रुपए की अड़ीबाजी कर दी। रुपए नहीं देने पर आरोपी ने आटो चालक की जमकर पिटाई भी की है। पुलिस ने बताया कि जमील पिता कुदरत खा (35 ) पुराना नाका टीलाजमालपुरा में रहता है और तथा मेन रेलवे स्टेशन से आटो चलाता है। कल सुबह करीब 5 बजे वह सवारी छोड़कर रेलवे स्टेशन जा रहा था। इस दौरान मोहरा शाहजहांनाबाद पर उसे परिचित आटो चालक अमन उर्फ बरगर मिल गया। वह जमील से 1000 रुपए की अड़ीबाजी करने लगा। जमीन ने पैसे देने से मना किया तो आरोपी अमन ने हाथ मुक्को से जमील के साथ मारपीट कर दी। इससे उसे सिर मे बांए तरफ चोट आई है। विवाद होता देख जुबेर व फैजान ने बीच बचाव किया तो अमन जाते जाते बोलने लगा आज तो तू बच गया आईन्दा मिला तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।



**मेट्रो एंकर** | इज्तिमा की ओर यात्री वाहनों का आवागमन रहेगा बंद

# इज्तिमा के चलते देहात इलाके में परिवर्तित मार्ग से कल चलाए जाएंगे यात्री वाहन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित घासीपुरा में आलमी तब्लीगी इज्तिमे में 11 दिसंबर को दुआ की नमाज अदा की जाएगी, जिसमें भोपाल के अलावा बाहर इलाकों से लाखों लोग शामिल होंगे। मुस्लिम धर्मावलंबियों के इस आयोजन को लेकर आमजनता की सुविधा और यातायात व्यवस्था को देखते हुए 10 और 11 दिसंबर को इज्तिमा स्थल की ओर यात्री वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इन वाहनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

### इस प्रकार होगा यात्री वाहनों का रूट

**गुना-शिवपुरी,** अशोक नगर से बैरसिया होकर भोपाल पहुंचने वाली बसें मकसूदनगड़ से गुना-ब्यावरा होकर भोपाल पहुंचेंगी। इसी प्रकार नजीराबाद, सिरोंज और विदिशा से आने वाली बसें भोजापुरा जोड़ से होकर अहमदपुर- दोराहा से परवलिया-मुबारकपुर से भोपाल पहुंचेंगी।



फाइल फोटो

**भोपाल** से गुना, शिवपुरी और अशोका नगर के लिए बैरसिया होकर जाने वाली यात्री बसें मुबारकपुर, परवलिया, दोराहा, अमहदपुर से भोजापुरा जोड़ होकर जाएंगी।

**गुनगा,** बैरसिया और ईंटखेड़ी इलाके में स्थित क्रशर खदानों से गिट्टी और कोपरा लाने वाले डंपर एवं अन्य सभी प्रकार के कमर्शियल वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022